वर्ष- 21 अंक - 267 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 14 मार्च 2026

## होर्मुज से सुरक्षित निकला भारतीय जहाज शिवालिक

शनिवार ● एजेंसी

जंग के बीच भारत का एलपीजी (रसोई गैस) ले जाने वाला जहाज शिवालिक शुक्रवार रात होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर गया। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'मरीनट्रैफिक' के मुताबिक यह जहाज 7 मार्च को कतर से अमेरिका के लिए रवाना हुआ था। यह जहाज भारत की सरकारी कंपनी शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का है और इसमें करीब 55,000 टन एलपीजी ले जाने की क्षमता है। इसी वजह से इस जहाज का सुरक्षित निकलना भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

### ईरानी नेताओं पर 92 करोड़ रुपए और अमेरिकी जासूसों पर 1 लाख डॉलर का इनाम



**शनिवार.एजेंसी।** जंग के बीच अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई सहित 10 ईरानी नेताओं पर 92 करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया है। उधर इराकी 'इस्लामिक रेजिस्टेंस' ने अमेरिकी सैनिकों और जासूसों की जानकारी देने पर 1 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया है।

## 2500 मरीन भेजकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर कब्जा करेंगे ट्रंप

शनिवार ● एजेंसी

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के बीच अमेरिका ने अपनी सैन्य स्थिति को मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। अमेरिका ने करीब 2,500 मरीन सैनिकों और एक बड़े वॉरशिप को मिडिल ईस्ट की ओर भेजने का आदेश दिया है। ट्रंप 2500 मरीन भेजकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर कब्जा करने का प्लान बना रहे हैं। अमेरिकी नेवी के पूर्व अधिकारी और रक्षा एक्सपर्ट मैल्कम नैंस ने इसे एक खतरनाक प्लान बताते हुए इसे पागलपन बताया।

### अमेरिकी दूतावास पर बड़ा हमला, हेलीपैड पर गिरी मिसाइल, धू-धू कर जला परिसर

**बगदाद.एजेंसी।** इराक की राजधानी बगदाद के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'ग्रीन ज़ोन' में स्थित अमेरिकी दूतावास पर एक बड़ा हमला हुआ है। दूतावास परिसर के भीतर मौजूद हेलिपैड को निशाना बनाकर मिसाइल दागी गई है। हमले के तुरंत बाद दूतावास परिसर से काला धुआं निकलता देखा गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### चित्र बोलता है....एक फ्रेम, दो संदेश



छाया - संजय शर्मा

## पेट की आग बुझाने के लिए चूल्हे की आग जलाने की जुगत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देशभर में एलपीजी संकट के अलग-अलग दृश्य सामने आ रहे है। कल इन्दौर में भी इसको लेकर एक दृश्य कैमरे में कैद हुआ। कहते है चित्र बोलता है। एक महिला अपने सिर पर गैस सिलेण्डर लेकर जाती हुई नजर आ रही है। वहीं उसी के पीछे बैठी अन्य महिला लकड़ी एकत्रित कर रही है। एक चित्र में दो संदेश मिल रहे है। पहले महिलाएं जंगलों से लकड़ी एकत्रित कर ऐसे ही सिर पर रखकर ले जाती थी, जैसे चित्र में महिला टंकी लेकर जा रही है। वहीं एलपीजी संकट अगर दूर नहीं हुआ तो फिर से लकड़ियों के उपयोग पर जोर बढ़ेगा। गैस सिलेंडर को लेकर इंदौर सहित देशभर में मारामारी चल रही है। गैस एजेंसियों पर लंबी कतार लगी है। इस बीच गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी धड़ल्ले से हो रही है। उत्तरप्रदेश में कालाबाजारी करने वाले लोगों के यहां से करीब 200 सिलेंडर बरामद किए गए। पंजाब के बरनाला में लाइन में लगे एक बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## अमेरिकी सेना ने खार्ग आइलैंड पर बरसाए बम

शनिवार ● एजेंसी

अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग आइलैंड पर बम बरसाए। यह आइलैंड ईरान के तेल का अहम एक्सपोर्ट हब है और खाड़ी क्षेत्र में एक अहम रणनीतिक जगह है।

### ईरान ने अमेरिका के 5 विमानों पर किया हमला

सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के मिसाइल हमले में अमेरिकी वायुसेना के पांच ईंधन भरने वाले विमान जमीन पर ही क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इन विमानों को पूरी तरह नष्ट नहीं किया गया है और उनकी मरम्मत की जा रही है।

### चीन ने समंदर में उतारीं हजारों बोट

**बीजिंग.एजेंसी। चीन की मछली पकड़ने वाली हजारों नावें हाल के महीनों में ईस्ट चाइना शी में जियोमेट्रिक शेप में में इकट्ठा देखी गईं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक्टिविटी किसी संभावित क्षेत्रीय संकट या सैन्य स्थिति की तैयारी का हिस्सा हो सकती है। चीन ताइवान की घेराबंदी कर सकता है।**

## हाथ में तलवार लेकर घोड़ी पर निकली दुल्हन



**अकोला.एजेंसी।** महाराष्ट्र के अकोला में एक अनोखी शादी चर्चा में है। यहां ग्रेजुएट दुल्हन प्राची ठाकुर अपनी ही बारात में घोड़ी पर सवार होकर निकलीं। रानी लक्ष्मीबाई के रूप में सजी प्राची ने हाथ में तलवार लेकर बेटी और बेटे की बराबरी का संदेश दिया। इस अनोखी बारात को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी और वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

### न्यूज़ ब्रीफ...

### पाकिस्तान के 'हमजा' मिलिट्री सेंटर पर अफगानिस्तान का ड्रोन अटैक

**काबुल.एजेंसी।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा करते हुए कहा कि अफगान वायुसेना ने इस्लामाबाद के फैजाबाद इलाके में 'हमजा' नाम के एक स्ट्रैटजिक मिलिट्री सेंटर पर हवाई हमला किया है। यह हमला ड्रोन एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करके किया गया है और इसमें मिलिट्री सेंटर के अंदर मौजूद अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने दावा किया कि इस हमले में पाकिस्तानी सेना को भारी जान-माल का नुकसान हुआ है।

### एक घंटे तक ठप रहे अमेरिका के 4 बड़े एयरपोर्ट

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में वॉशिंगटन डीसी क्षेत्र के चार बड़े एयरपोर्ट पर अचानक उड़ानें रोकनी पड़ीं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर में तेज केमिकल जैसी गंध फैलने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों को परेशानी होने लगी। सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों ने कई फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से रोक दिया, जिससे करीब एक घंटे तक हवाई सेवा प्रभावित रही।

### अमेरिका में गिरफ्तार हुए 10 भारतीय

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अमेरिका के 4 राज्यों में फर्जी सशस्त्र डकैतियों में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में 10 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। एफबीआई ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी डकैतियों में भाग लिया, जिससे पीड़ितों को वीजा कैटेगरी के तहत आव्रजन लाभ प्राप्त करने का मौका मिला। 11 भारतीयों पर आरोप लगाए गए हैं। इनमें से 10 को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि ग्यारहवें आरोपी को भारत भेज दिया गया।

### मधुमक्खियों ने किया हमला भागा पूरा गांव

**संगारेड्डी.एजेंसी।** तेलंगाना के संगारेड्डी के गांव में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग डंक लगने से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सदाशिवपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



## ताई ने किया महिला पत्रकारों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर प्रेस क्लब में नारी शक्ति सम्मान के आयोजन में महिला पत्रकारों के सम्मान का आयोजन किया। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने महिला पत्रकारों का सम्मान किया और उदबोधन भी दिया। विधायक उषा ठाकुर, डाक विभाग अधिकारी प्रीति अग्रवाल ने भी उदबोधन दिए। बडी संख्या में प्रेस क्लब पदाधिकारी मौजूद रहे।



## संत से लिया आशीर्वाद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एलएनसीटी परिसर में 'प्रतिभा फाउंडेशन' एवं 'नर्मदा सेवा मिशन परिवार' के संयुक्त तत्वावधान में हुए धार्मिक आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, पुष्यमित्र भार्गव, गोलू शुक्ला, कृष्णमुरारी मोघे, डॉ. निशांत खरे मौजूद थे। सभी ने संत दादा गुरु से आशीर्वाद लिया।





## इंदौर से बैतूल शोक जताने पहुंचे भाजपाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बेटी के निधन के बाद प्रदेश भर से भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नेता-कार्यकर्ता खंडेलवाल के निवास बैतूल पहुंच रहे हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मनोज पटेल, रमेश मेंदोला, जीतू जिराती, सुनील पुरोहित, रानू अग्रवाल सहित अन्य इंदौर से खंडेलवाल के निवास पर पहुंचे थे।

# अधिनियम लागू नहीं हुआ इसका परिणाम फुटपाथ पर अतिक्रमण और भ्रष्टाचार

### कांग्रेस नेता ने उठाया निगम की पीली गैंग के भ्रष्टाचार का मुद्दा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए 2013 के कानून जीविका संरक्षण अधिनियम प्रदेश की नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत पर लागू नहीं किया, जिसके कारण अब इन निकायों में सीधा-सीधा भ्रष्टाचार दिखाई देने लगा है। यह अधिनियम लागू नहीं होने का परिणाम यह है कि फुटपाथ और रोड पर अतिक्रमण हो रहे हैं। सीधे-सीधे नगर निगम की पीली गैंग का भ्रष्टाचार सड़क और फुटपाथ पर कब्जाधारियों को प्रश्रय देकर दिख रहा है। द्विवेदी ने सीधा-सीधा आरोप लगाया कि निगम की पीली गैंग के कारण भ्रष्टाचार और हितग्राहियों का शोषण हो रहा है और रोड व फुटपाथ पर कब्जे हो रहे हैं। द्विवेदी ने कहा कि इंदौर में पीली गैंग भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुकी है। एक तरफ हाथ ठेले वालों को लोन दिया जाता है और फिर निगम की पीली गैंग ठेले जब्त कर उन ठेलों को नष्ट करती है। इधर फुटपाथ पर कब्जे करवाती हैं और वसूली भी होती है। अगर जीविका संरक्षण अधिनियम लागू हो जाए तो काम करने वालों को सम्मान मिलेगा, एक जगह काम मिलेगा और भविष्य की सुरक्षा भी नहीं करना होगी। निगम को चिह्नित जगह पर इन छोटे व्यवसायियों को लाइसेंस देना होंगे। साथ ही महापौर और निगम आयुक्त को यह बताना चाहिए कि पीली गैंग का भ्रष्टाचार किसके संरक्षण में चल रहा। फुटपाथ पर क़ब्ज़े करके गली मोहल्ले, चौराहा पर कब्जे करवाकर कौन पैसे वसूल कर रहा। इंदौर सहित कई जगह भ्रष्टाचार को लेकर मुद्दे उठते हैं, फिर भी जीविका संरक्षण अधिनियम लागू नहीं किया जा रहा है। कानून लागू होने से हाथ ठेले, खोमचे, फेरीवाले, मेला, हाट बाजार में दुकान लगाने वालों को लायसेंस मिल जाएगा तो रोज की बसूली किससे होगी, थाने से लेकर भाजपा के नेताओं का खेल खत्म हो जाएगा। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी द्वारा दी गई।



## सांवेर और राऊ ब्लाक कांग्रेस में सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस विपिन वानखेडे की मौजूदगी में कल भी जिले में पालिया, सांवेर, क्षिप्रा, खुडैल और रालामंडल राऊ विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय समिति कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिलाध्यक्ष विपिन वानखेडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## महापौर के सामने आए ड्रेनेज, पानी और स्ट्रीट लाइट के मुद्दे



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

वार्ड 16 में जनता चौपाल में महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहुंचे और उन्होंने सीधे जनता से संवाद भी किया। इन संवाद में ड्रेनेज, पानी और स्ट्रीट लाइट सहित कई मुद्दे समस्या के सामने आए। खासतौर से लोगों ने पानी की पाइप लाइन से जुड़ी समस्याएं महापौर के सामने रखी। मौके पर मौजूद झोनल अधिकारियों को महापौर ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी कार्य करने के दिए। महापौर ने क्षेत्रीय पार्षद ममता सुनहरे के साथ दौरा भी किया। कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान को लेकर भी चर्चा की और शिकायत की कि सड़क पर बने चेम्बर भी फुल होकर रोड पर बह रहे हैं उस पर भी समस्या उठी। स्ट्रीट लाइट की कई बार शिकायत की गई, चालू नहीं हो रही है। रहवासियों ने क्षेत्र में बगीचा और स्वास्थ्य केन्द्र की मांग भी की। गांधी नगर मुक्तिधाम की समस्या, वहां बोरिंग नहीं होने की बात भी बताई उसी के बाद महापौर ने वहां का भ्रमण भी किया।

## महापौर केसरी कुश्ती जिला स्तरीय होगी

### ऑल इंडिया और प्रदेश स्तर की स्पर्धा नहीं होगी, बताया पैसे की कमी का कारण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



महापौर केसरी कुश्ती इस बार इंडिया और स्टेट लेवल पर नहीं होगी। अब यह प्रतियोगिता इंदौर जिला स्तर पर महापौर केसरी कुश्ती होगी, जो 27 से 29 मार्च तीन दिनों तक आयोजित होगी। इसके पीछे कारण यही बताया जा रहा है कि निगम की आर्थिक तंगी का असर विकास कार्यों के बाद अब आयोजन पर भी पड़ता दिख रहा है। हर बार ऑल इंडिया और स्टेट लेवल पर महापौर केसरी कुश्ती होती है, लेकिन इस बार कुश्ती का दायरा जिला स्तर पर कर दिया गया है। अब केवल इंदौर जिले के पहलवानों के लिए महापौर केसरी स्पर्धा होगी। प्रारंभिक दौर में भागीरथपुरा में हुए दूषित जल से हुई घटना के कारण प्रतियोगिता नहीं होना बताया गया। कुश्ती का आयोजन कराने वाले एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने भी साफ कहा कि बजट की कमी के कारण इस बार महापौर केसरी कुश्ती स्पर्धा ऑल इंडिया और स्टेट लेवल पर नहीं होगी। इस मुद्दे पर हुई बैठक में नन्दकिशोर पहाड़िया, मलखान कटारिया, भावना चौधरी, राजेन्द्र मिश्रा पहलवान, नरेश वर्मा, मनोज सौदे पहलवान, रमेश मिस्त्री पहलवान, मनोज सोमवंशी पहलवान, रमेश यादव पहलवान, मुन्ना बौरासी पहलवान, लच्छू पहलवान, मुन्ना पहलवान, भूरा पहलवान, नंदकिशोर यादव पहलवान मौजूद रहे।

## बच्चे ने साफा बांधा तो गदगद हुए पूर्व विधायक

### वार्ड 10 में चल रहे विकास कार्यो का किया दौरा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



विधानसभा 1 के वार्ड 10 बाणगंगा क्षेत्र में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के लगातार पगफेरे होते हैं, यहां से कांग्रेस पार्षद है इसलिए अगली बार भाजपा परचम लहराया जाए इसकी जुगत में विजयवर्गीय पहुंचे तो 10 वर्ष के आरव राम कश्यप ने आकाश विजयवर्गीय को साफा बांध दुपट्टा पहनाया और परिजनों ने भी स्वागत किया तो आकाश विजयवर्गीय गदगद हो गए।

# सराफा चौपाटी पर इंडक्शन से तले जा रहे हैं भजिए

## कुछ दुकानदार इंडक्शन पर गर्म कर भट्टी की आंच पर बना रहे है व्यंजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



देशभर में प्रसिद्ध सराफा चौपाटी भी अब एलपीजी संकट की चपेट में आती नजर आ रही है। हालांकि चौपाटी के दुकानदारों ने इंडक्शन का उपयोग शुरू कर दिया है, लेकिन इंडक्शन पर तेज आंच में बनने वाले व्यंजनों को बनाने में परेशानी आ रही है जिसका तोड़ दुकानदारों ने निकाला है। वे पहले इंडक्शन का उपयोग कर व्यंजनों को गर्म कर रहे है जिसके बाद भट्टी पर तैयार कर रहे है।

मीडिल ईस्ट में चल रहे तनाव से उपजे वैश्विक ईंधन संकट के चलते कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाय पर प्रशासन ने रोक लगा दी है जिसके कारण शहर के रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड कारोबार प्रभावित हुआ है। छप्पन दुकान के दुकानदारों के बाद अब सराफा चौपाटी के फूड स्टॉल संचालकों ने भी इंडक्शन का उपयोग शुरू कर दिया है। सराफा चौपाटी पर इंडक्शन पर भजिए तले जा रहे है हालांकि कुछ व्यंजन इंडक्शन पर बनाना मुश्किल है, जिसके चलते दुकानदार पहले इंडक्शन का उपयोग कर रहे है जिसके बाद थोडी देर गैस भट्टी पर व्यंजन तैयार कर रहे है।

### स्वाद पर असर

इधर चौपाटी पर स्वाद का आनंद लेने पहुंचे लोगों का कहना था कि इंडक्शन पर पकने वाले व्यंजनों और गैस भट्टी पर पकने वाले व्यंजनों के स्वाद में फर्क तो है। इंडक्शन पर पकने वाले व्यंजनों में वैसा स्वाद नहीं आता है जैसा भट्टी पर पकने वाले व्यंजनों का आता है।

### चाय दुकान संचालक बोले इंडक्शन पर भीड़ कैसे होगी मैनेज

कोठारी मार्केट के समीप स्थित आतु सेठ चाय दुकान के संचालक सोनू टिब्बानी ने बताया कि एलपीजी संकट को देखते हुए दिल्ली से इंडक्शन बुलवाया है। इस इंडक्शन पर दूध गर्म करने के अलावा कुछ देर चाय भी गर्म की जा रही है। जिसके बाद चाय को गैस भट्टी पर बनाया जा रहा है। संचालक ने बताया कि इंडक्शन पर चाय बनने में समय लग रहा है, ऐसे में दुकान पर होने वाली ग्राहकों की भीड़ को मैनेज करना मुश्किल है। दूसरी ओर एक से अधिक इंडक्शन का उपयोग करना भी मुश्किल इसलिए है क्योंकि बिजली के कनेक्शन भी इतने हैवी नहीं है।



# भागीरथपुरा के कई मृतकों के अस्थि कलश का पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि आज भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से हुई निर्दोष लोगों की मृत्यु के बाद कई लोगों की अस्थि कलश का भागीरथपुरा क्षेत्र में पूजन किया गया और भागीरथपुरा से अस्थि विसर्जन यात्रा निकाली गई जो ट्रेन के माध्यम से प्रयागराज ले जाई जा रही है। आज भागीरथपुरा में ब्राह्मण द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया। अब प्रयागराज में अस्थि विसर्जन, पिंड दान, तर्पण का आयोजन किया जाएगा। आज सुबह कांग्रेस ने दीपक मलोरिया रानू को जिम्मेदारी भागीरथपुरा के लिए भी दी थी। वहीं प्रमोद द्विवेदी, अर्चना जायसवाल, जितेन्द्रसिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसी भी आयोजन में अग्रणी बने रहे।





# दिगम्बर जैन सामाजिक संसद अध्यक्ष का चुनाव कल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव की प्रक्रिया कल होगी। केवल अध्यक्ष के लिए चुनाव कल सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक उदासीन आश्रम छप्पन दुकान क्षेत्र में होंगे। 743 वोटर संसद के अध्यक्ष का चयन करेंगे। दो उम्मीदवार आनन्द गोधा और दिलीप पाटनी आमने-सामने हैं। आनन्द गोधा के लिए नवीन गोधा से लेकर विनय बाकलीवाल टीम के लोगों ने भी मैदान संभाल रखा है।वहीं दिलीप पाटनी की ओर से कासलीवाल खेमे ने मैदान पकड़ रखा है। दोनों ओर से कई बैठकों का आयोजन किया गया। लगातार मंदिर क्षेत्रों की बैठक हो रही है, कई आश्वासन भी दिए जा रहे हैं। आनन्द गोधा की ओर से नवीन गोधा ने भी कल कई बैठकें आयोजित की। विनय बाकलीवाल खेमे के अलग-अलग जगह पहुंचकर मतदाताओं से चर्चा करते देखे गए। वहीं कल दिलीप पाटनी और प्रिंसपाल टोंग्या सहित अन्य ने कई बैठकें ली और देर रात तक बैठक के दौर चलते रहे, आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है और कल सुबह 8 बजे से उदासीन आश्रम पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ेगी। एक खेमा होटल में हुए चुनाव का मुद्दा उठा रहा है तो दूसरा खेमा महल की राजनीति और समाज की संस्थाओं पर कब्जे का मुद्दा उठा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप के दौर भी चल रहे हैं।

# 8 लाख लोगों पर ज्यादा सम्पत्तिकर लगाने का कांग्रेस ने उठाया मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

निगम में नेताप्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने इंदौर के 8 लाख लोगों पर ज्यादा सम्पत्तिकर लगाने का मुद्दा उठाया और कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव की नेतृत्व वाली इस भाजपा परिषद ने मकानों की खाली जमीन और एमओएस छूटी हुई जगह पर निगम ने अपनी कंगाली के बाद टैक्स लगाना और नोटिस देना शुरू कर रखा है।

5 साल पुरानी तारीख से नया टैक्स लगा दिया गया है। इस नए टैक्स की चपेट में 8 लाख सम्पत्ति दाता लोग आए हैं। एक तरफ निगम सम्पत्ति कर उगाई में नोटिस देकर सील करने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ स्वच्छता के नाम पर पीली गैंग मनमानी चालानी कार्रवाई कर रही है, जो मुंह से पीली गैंग का निकल जाता है, वह शुल्क लिया जाता है। लोगों के उद्यान का कचरा उठाया नहीं जा रहा है उसके लिए अलग गाड़ी बुलाने पर शुल्क लिया जाता है। इधर थोड़ा-सा कचरा ज्यादा होने पर चालक समय पर कचरा नहीं लेते हैं और ज्यादा कचरा होता है तो पैसा मांगते हैं। चौकसे ने कहा कि निगम की मनमानी के टैक्स जनता पर नहीं लगने दिया जाएगा। निगम की कंगाली के कारण इंदौर के 8 लाख लोगों की जेब पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। कांग्रेस जनता को साथ लेकर विरोध मैदानी स्तर पर करेगी। निगम की साख दूषित पानी के कारण भी समाप्त हो चुकी है। भागीरथपुरा में 36 लोगों की दूषित पानी पीने से मौते होने की बात भी चौकसे ने कही। जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भार्गव के नेतृत्व वाली परिषद पूरी तरह से नाकाम रही है। इस समय इंदौर नगर निगम की हालत दिवालिया की हो गई है। कमाई चवन्नी और खर्चा एक रुपए की स्थिति में आ गया है। निगम की मनमानी पर कांग्रेस रोड पर आकर रोक लगाएगी। हर विधानसभा के हर झोन पर धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। कांग्रेस 16 मार्च सोमवार को निगम आयुक्त से मुलाकात भी करेगी और आयुक्त के जवाब के बाद ही अगला कदम कांग्रेस उठाएगी। खाली प्लाट पर लगे टैक्स वसूली पूरी तरह निगम बंद करे नहीं तो धरना-प्रदर्शन, आन्दोलन और जरूरत पड़ी तो चक्काजाम भी होंगे।

# लहसुन के कम दाम पर दूसरे दिन भी जारी रहा आक्रोश



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चोइथराम मंडी में लहसुन के दाम कम मिलने पर लगातार कल शुक्रवार को दूसरे दिन भी किसानों ने विरोध दर्ज कराया। साथ में किसानों ने कहा कि मंडी में व्यवस्था भी ठीक नहीं है। मंडी मुख्य द्वार पर किसानों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी भी की और कहा कि कम दाम मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों ने कहा मंडी में रोटेशन पद्धति का पालन नहीं किया जा रहा, जिसके कारण कई किसानों की उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा हैं। मंडी की पूरी व्यवस्था सुधारी जाए और मंडी प्रशासन अपना रवैया बदले। रोटेशन पद्धति तत्काल लागू की जाए। उक्त जानकारी रामस्वरूप मंत्री ने दी।

## भाजपा मंडल प्रशिक्षण कल से होंगे प्रारंभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले मंडल प्रशिक्षण वर्ग कल 15 मार्च से प्रारंभ होंगे। अलग-अलग दिन अलग-अलग विधानसभाओं में यह प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किए जाएंगे। विधानसभा 1 में लक्ष्मीबाई मंडल में सुबह 8 बजे बिजासन मंदिर के पीछे मलयगिरी गार्डन से आयोजन की शुरूआत होगी। फिर गुरु तेगचंद मंडल का मिठी गार्डन तौल नाका के पास सुबह 9 बजे, अशोक मंडल का सुबह 9 बजे चन्द्रप्रभु मांगलिक भवन अंजलि नगर में होगा। वहीं अलग-अलग दिन अन्य बचे हुए मंडल में प्रशिक्षित शिविर आयोजित होंगे। 6 अलग-अलग हॉल में मंडल के वर्ग सम्पन्न होंगे और इन हॉल का नाम पुराने नेताओं के नाम पर रखे गए हैं।

# एक महीना हो गया लेकिन गंदे पानी की शिकायत दूर नहीं हुई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। घर में नल से गंदा पानी आने की शिकायत किए हुए नागरिकों को एक महीना बीत चुका है लेकिन अभी तक उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ है। नगर निगम ने नागरिकों की शिकायत का मजाक बना दिया है।**

## एक बार फिर निगम ने बना दिया नागरिकों की शिकायत को मजाक

नगर निगम के वार्ड 74 के अंतर्गत आने वाली ब्रह्मपुरी कालोनी के रहवासियों के द्वारा लगातार गंदे पानी की शिकायत की जा रही है। इस शिकायत के चलते नगर निगम जोन 13 वार्ड 74 में भोलाराम उस्ताद मार्ग पर दूसरी गली में नगर निगम ने पिछले 1 महीने से पानी लाइन सुधारने के नाम पर कई गड्ढे खोद रखें है। अभी तक गंदे पानी की शिकायत दूर नहीं हुई। ना ही नगर निगम के कर्मचारियों ने खोदे गए गड्ढे बंद किए हैं। इन गड्ढों से आए दिन हादसे हो रहे हैं और आए दिन लोग तथा गाड़ी उस गड्ढे में गिर रही है। रहवासियों द्वारा नगर निगम में तमाम शिकायतें और सी एम हेल्पलाइन पर भी शिकायतों के बावजूद पिछले 1 महीने से ज्यादा हो गए लेकिन शिकायत दूर नहीं हो रही। शायद नगर निगम कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।



## गड्ढे में समा गया दो पहिया वाहन

रहवासियों ने बताया कि पाइप लाइन सुधारने के लिए गड्ढा खोदा गया था, लेकिन उसे बंद नहीं किया गया, जिसके कारण गड्ढे में वाहन सहित लोग गिर रहे हैं। एक चालक अपने दो पहिया वाहन सहित गड्ढे में गिर गया। हालत यह बनी कि वाहन तो पूरा गड्ढे में समां गया पर चालक जैसे-तैसे बच गया।

# गफूर खां बजरिया की चोरी में पुलिस को दिया फुटेज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के इकबाल कालोनी क्षेत्र के 2 नार्थ गफूर खा बजरिया में जमील बेग के यहां हुई चोरी मामले में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस को सूचित किया गया और यह बताया कि बेग के मकान में कल 13 मार्च की सुबह 7.30 बजे अज्ञात चोर तीन मंजिला मकान में घुसा और घर में रखे हैंड बैग से चोर जरूरी कागजात चुरा ले गया। जब अलमारी खोली तो परिजनों की नींद खुल गई और चोर बाइक से भाग निकला। चोर का चेहरा और बाइक सब कुछ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए, जिसकी जानकारी सदर बाजार पुलिस को दी गई है।

# लोक अदालत शुरू



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन हो रहा है, इधर निगम और विद्युत मंडल ने भी इस लोक अदालत में उपभोक्ताओं को फायदा मिले इसकी व्यवस्था की है। इस वर्ष की यह पहली लोक अदालत है। सम्पत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में निगम 100 प्रतिशत छूट दे रहा है। झोनल कार्यालय, निगम मुख्यालय पर राशि के आधार पर छूट दी जा रही है। ज्यादा बढ़ी राशि पर सरचार्ज में कम छूट दी जा रही है। वहीं आज विद्युत मंडल ने भी इस लोक अदालत के लिए व्यापक तैयारियां की है। बकाया राशि के ब्याज पर भी छूट दी जा रही है। वहीं विद्युत चोरी के लम्बित प्रकरण जो न्यायालयों में विचाराधीन है उनके निराकरण के लिए भी प्रयास समझौते के रूप में हो रहे हैं। औद्योगिक, किसान, घरेलू, व्यापारिक, उच्च और निम्न दाब के प्रकरण भी लोक अदालत में समझौते के लिए रखे गए हैं। शाम तक निगम और विद्युत मंडल के परिणाम आएंगे कि कितना समझौता और निपटान हुआ है।



## खजराना में दुकानें हुई गुलजार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रमजान का पर्व चल रहा है, ईद भी समीप आ रही है, दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को रोजा इफ्तार का आयोजन भी होता है और इफ्तार के लिए सामान की खरीदी होती है, वहीं ईद के लिए कपड़े, जूते सहित अन्य सामग्री भी खरीदी जा रही है, इसके लिए खजराना की दुकाने गुलजार हो गई है।




## शिक्षकों ने निकाली रैली फिर जताया विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. शासकीय शिक्षक संगठन ने कल टीईटी परीक्षा के विरोध में रैली निकाली और शिक्षकों के आत्मसम्मान के लिए परीक्षा का विरोध करते हुए ज्ञापन भी सौंपा। हरीश बोयत, अशोक मालवीया, प्रवीण यादव, आनंद हार्डिया, पीयूष दुबे, पवन मोहनिया, मनोहर परमार, अरुण पांडे, अभिनव तिवारी, दिनेश परमार, राजेंद्र परिहार, पवन शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# 60 से ज्यादा डिजाइनर लाइटिंग से जगमगाएगा प्रवेश द्वार

## रंगाई-पुताई कर फिनिसिंग के चल रहे अंतिम दौर में काम, हिंदू वर्ष गुड़ी पड़वा पर सीएम कर सकते है लोकार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** अग्रसेन चौराहे पर करोड़ों की लागत से बन रहा भव्य प्रवेश द्वार 60 से ज्यादा नई डिजाइनर लाइटिंग से जगमगाता हुआ नजर आएगा। इसके अलावा समाज सेवी विनोद अग्रवाल की संस्था बालाजी सेवार्थ, अग्रवाल फाउंडेशन और अग्रवाल समाज की युवाओं की संस्था अग्रसेन यूथ क्लब के सानिध्य में तैयार करवाए जा रहे इस भव्य प्रवेश द्वार की खासियत यह होगी कि द्वार के ऊपर बीच में सफेद बड़े अक्षरों में महाराजा अग्रसेन द्वार लिखा नजर आएगा।

इसके अलावा अग्रवाल समाज की सभी मुख्य 18 गोत्र के नाम भी द्वार पर बने छोटे बॉक्स में हाइलाइट कर लिखे जाएंगे। वहीं बताते है कि अग्रवाल समाज की ये सभी मुख्य गोत्र महाराजा अग्रसेनजी द्वारा स्थापित किए गए थे। यही नहीं ये गोत्र उनके 18 पुत्रों के नाम पर आधारित माने जाते है।

वहीं बड़ी बात यह है कि वर्तमान में अग्रसेन चौराहा पर महाराजा अग्रसेन प्रतिमा के सामने सपना-संगीता रोड पर तैयार इस भव्य प्रवेश द्वार के नवनिर्माण से लेकर साज-




सजावट का कार्य अब लगभग पूरा हो चुका है। यही नहीं रंगाई-पुताई कर इसे चमकाने का काम भी अब एकदम अंतिम दौर में चल रहा है। समाजसेवी विनोद अग्रवाल की संस्था बालाजी सेवार्थ, अग्रवाल फाउंडेशन और समाज की युवा विंग अग्रसेन यूथ क्लब के संयुक्त तत्वधान में द्वार का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अब इसके लोकार्पण को लेकर भी तैयारी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि इसी माह संभवतः अगले सप्ताह में हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर सीएम डॉक्टर मोहन यादव के हाथों इस भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण करवाने की तैयारी है। जिसके लिए अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन और यूथ क्लब के पदाधिकारी लगातार क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के साथ सीएम यादव से समय लेने के लिए प्रयास कर रहे है। बताते है कि सीएम ने अगर आने की सहमति दे दी तो द्वार का लोकार्पण गुड़ी पड़वा के दिन हो सकता है। इधर अग्रवाल समाजजनों के साथ यहां से रात-दिन गुजरने वालों को भी जल्द द्वार के लोकार्पण का इंतजार है।

## जोन 2 के सभी वार्डों में चयनित

## एक करोड़ की लागत से होगा आधा दर्जन उद्यान में नवीन योगा केंद्र का निर्माण

# प्रत्येक बगीचे में मिलेगी आदर्श योग केंद्र की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोनल कार्यालय 2 के अंतर्गत क्षेत्र के सभी वार्डों में चयनित एक - एक वार्ड में उद्यान विभाग के अंतर्गत बारिश से पहले आदर्श योग केंद्र की सौगात मिलने वाली है। जिसके नव निर्माण को लेकर जगह चयनित करने से लेकर बनाने की तैयारी भी अब शुरू हो गई है। बताया जा रहा है उद्यान विभाग के अंतर्गत लगभग एक करोड़ की लागत से जोन 2 के अंर्तगत सभी वार्डो में चयनित एक - एक उद्यान में आदर्श योग केंद्र की स्थापना के लिए जल्द नवीन योगा शेड और जिम के उपकरण लगाकर योग केंद्र का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश से पहले निगम आदर्श योग केंद्र को लेकर निर्माण कार्य शुरू करेगा।

**घर के पास वाले बगीचे में मिलेगी सुविधा-** *वहीं बड़ी बात यह है कि आने वाले दिनों में मानसून का सीजन शुरू होने से पहले जोन 2 के अंतर्गत आने वाले वार्डों के चयनित उद्यान में निगम क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर लाखों रुपए खर्चकर जल्द एक - एक नवीन आदर्श योग केंद्र का निर्माण करवाएगा। जहां घर के नजदीक सेहत बनाने के लिए आधुनिक जिम के उपकरण के साथ आदर्श योग केंद्र की सुविधा भी मिलेगी। युवाओं के साथ सीनियर सिटीजन और महिलाएं भी योग केंद्र में अपनी सुविधा अनुसार योग कर सकेंगे।*

# इंदौर नगर निगम की तरह भोपाल में भी फर्जी बिल घोटाला

## लोकायुक्त पुलिस ने छापा मार कार्रवाई कर सर्वर से 10 साल का डाटा भी किया रिकवर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम में जिस तरह से करोड़ों रुपए का फर्जी बिल घोटाला हुआ था उसी तरह का फर्जी बिल घोटाला अब भोपाल में भी सामने आया है। वहां भी नगर निगम में बिना काम किए बिल लगाकर करोड़ों रुपए निकाल लिए गए।

अब तक तो यह देखा था कि अच्छे काम में एक शहर दूसरे शहर का अनुसरण करता था। अब तो भ्रष्टाचार के मामले में भी एक शहर दूसरे शहर का अनुसरण करता हुआ नजर आने लगा है। इंदौर नगर निगम में फर्जी बिल घोटाला एक चर्चित मामला रहा है। जब आयुक्त के पद पर हर्षिका सिंह पदस्थ थी तब उनके द्वारा यह घोटाला पकड़ा गया था और उसे उजागर किया गया था। इंदौर नगर निगम में यह घोटाला सामने आने के बाद भी कई दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी और फिर बाद में पुलिस एमजी रोड ने इस मामले में एक मुकदमा दर्ज करते हुए नगर निगम के इंजीनियर अभय राठौर और कुछ ठेकेदारों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में कुछ छोटे-छोटे कर्मचारियों की भी मिली भगत पुलिस की जांच में पाई गई थी। अब ताजा मामला भोपाल नगर निगम से सामने आया है। वहां पर भी इंदौर की तर्ज पर ही काम करते हुए बड़ी संख्या में विकास कार्य किए बगैर ही काम पूर्णता मानकर फर्जी बिल बनाकर कोषालय में भुगतान के लिए लगा दिए गए और करोड़ों रुपए की राशि निकाली गई। भोपाल नगर निगम में इस घोटाले के उजागर होने के बाद लोकायुक्त पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस के द्वारा छापा मार करवाई कर कल भोपाल नगर निगम के कार्यालय से बड़ी संख्या में दस्तावेज और फाइलें जब्त कर ली गई। इसके साथ ही पुलिस ने सर्वर से 10 साल का डाटा भी रिकवर कर लिया है। वहां पर इस घोटाले में एक अपर आयुक्त की सहभागिता प्रारंभिक रूप से पाई जा रही है। अभी तो भोपाल नगर निगम का मामला प्रारंभिक स्तर पर जांच में ही है। इसलिए वर्तमान स्थिति में यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां कितने करोड रुपए का घोटाला हुआ है। लेकिन हां यह तो निश्चित है कि वहां भी इंदौर के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए ही घोटाले को अंजाम दिया गया है।

# फुटपाथ अतिक्रमण और व्यापारी सुरक्षा को लेकर ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों द्वारा नगर निगम कार्यालय पर अपर आयुक्त आकाश सिंह एवं उपायुक्त पुलिस (क्राइम) को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया। शहर में फुटपाथ अतिक्रमण, व्यापारियों की सुरक्षा तथा सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर यह ज्ञापन दिया गया। अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी और व्यापारिक सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों को रोड और फुटपाथ के कब्जाधारियों की जानकारी विस्तार से दी गई। पदाधिकारियों का कहना रहा कि फुटपाथ के कब्जाधारियों के हौंसले बुलंद है वे विरोध जताने वाले व्यापारी नेता अक्षय जैन की दुकान पर भीड़ के रूप में पहुंच गए थे। पदाधिकारियों ने कहा कि इस संगठित दबाव से जान-माल को हानि पहुंचाने की मंशा भी दिखाई दे रही थी, दोषियों पर पुलिस प्रकरण किया जाए, उनकी गिरफ्तारी की जाए। निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने इस मामले में आश्वासन भी दिया और पुलिस अधिकारी से चर्चा भी की। इधर पुलिस अधिकारी विजय तिवारी ने सराफा थाना प्रभारी को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच के निर्देश भी दिए।

अपर आयुक्त आकाश सिंह ने कहा कि रिमूवल अधिकारी-कर्मचारी अगर सही काम नहीं करेंगे तो इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दो दिनों में व्यापारियों के लिए भी गाइड लाइन तय की जाएगी और जो दुकानदार सड़क पर सामान रखते हैं उन पर कार्रवाई भी होगी। यातायात व्यवस्था भी पुलिस के माध्यम से ठीक कराई जाएगी। निगम अब फुटपाथ पर कब्जा नहीं होने देगा। मालवा चेम्बर के रमेश खंडेलवाल, अक्षय जैन, हुकुम सोनी, कैलाश मूंगड़, हेमा पंजवानी, राजेश बाहेती, इसाक चौधरी, सुनील गुप्ता, अनिल रांका, बसंत सोनी, पवन पंवार, मुकेश पटवा, पंकज बाफना, राजेश जैन, दीपक पाहूजा सहित अन्य ज्ञापन देने और चर्चा में मौजूद रहे।

# सिरपुर तालाब में बनेगी 4.25 करोड़ की सड़क

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा सिरपुर तालाब में 4.25 करोड़ रुपए की सड़क बनाई जाएगी। यह पहला मौका होगा जब नगर निगम के द्वारा सिरपुर तालाब के क्षेत्र में बनाए गए वाच टावर तक जाने के लिए सड़क का निर्माण किया जाएगा।

**पहली बार निगम वॉच टावर तक जाने के लिए तैयार करेगा सड़क**

शहर के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित सिरपुर तालाब को पक्षी अभ्यारण के रूप में विकसित किया जा रहा है। भारत सरकार के द्वारा इसे रामासर साइट के रूप में भी घोषित किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप इस तालाब के पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करने का कार्य लगातार चल रहा है। नगर निगम के द्वारा सिरपुर तालाब के आसपास विकसित किए गए क्षेत्र के परिसर में वॉच टावर बनाया गया है। इस टावर के माध्यम से इस तालाब में आने वाले प्रवासी पक्षियों की गणना करने और उन पर नजर रखने का काम किया जाता है।

अब तक इस टावर तक जाने के लिए रास्ता बेहतर स्थिति में नहीं था। इन हालात को देखते हुए अब इंदौर नगर निगम के द्वारा सिरपुर तालाब में स्थित अहिल्या उद्यान से लेकर वॉच टावर गेट नंबर दो तक पक्की सीमेंट की सड़क बनाने का फैसला लिया गया है। इस कार्य को करने में 4.25 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। नगर निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूर करने के साथ ही इस कार्य को अंजाम देने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण को अंजाम देने में 1 साल का वक्त लगेगा। अब निगम के द्वारा ठेकेदार के चयन कार्य को पूरा करने के उपरांत संबंधित एजेंसी के नाम पर कार्य आदेश जारी किया जाएगा। यह आदेश जारी होने के बाद एजेंसी काम करना शुरू करेगी तब जाकर एक साल में यह सड़क बन कर तैयार हो सकेगी।

# धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों की अनुमति प्रक्रिया सरल का दावा

## सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की तैयारी से आयोजनकर्ताओं को मिलेगी राहत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर में होने वाले बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अनुमति लेने की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। आयोजनकर्ताओं को कई विभागों के चक्कर लगाने और विभिन्न प्रकार के टैक्स व अनुमतियों से जुड़ी परेशानियों को देखते हुए सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है। रेजिडेंसी कोठी में महापौर, निगम, पुलिस, आबकारी, बिजली, फायर विभाग, प्रशासन अधिकारी की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। चर्चा में तय हुआ कि धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजन में स्वीकृति लेने वालों को



दिक्कत ना हो इसलिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जाएगा, जिससे अलग-अलग विभागों के चक्कर लगाने के बजाय आयोजकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक अनुमतियाँ मिल सकें। बड़े शहरों मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में इस तरह की व्यवस्था लागू करने के प्रयास किए जा चुके हैं। इंदौर में भी उसी मॉडल को ध्यान में रखते हुए सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवस्था से शहर में होने वाले आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा और इवेंट इंडस्ट्री को भी नई पहचान मिलेगी।

# ई पालिका पोर्टल बगैर बाधा के चले, भोपाल के अधिकारियों से निगम ने किया आग्रह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**पोर्टल नहीं चलने से हर बार उठानी पड़ती है कर्मचारी और नागरिकों को परेशानी**

मध्य प्रदेश सरकार के ई-पालिका पोर्टल पर जब से साइबर अटैक हुआ है तब से यह पोर्टल ठीक तरह काम नहीं कर रहा है, यह कब बंद हो जाएगा इसका कोई भरोसा नहीं रहता है। डाटा रिकवरी नहीं होने पर पूरे मध्य प्रदेश में इस पोर्टल के कारण नगरीय निकायों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पोर्टल पर अब तक पुराना डाटा रिकवर नहीं हो सका है। आज लोक अदालत का दिन है जिसके माध्यम से नगरीय निकाय बड़ी राजस्व वसूली कर सकेंगे, लेकिन यह तभी संभव होगा जब भोपाल से संचालित होने वाला ई-पालिका पोर्टल सुचारू रूप से काम करता रहे और बकायादारों के बिल एवं डिमांड सही बताएं। साथ ही सर्वर डाउन होने के कारण नागरिकों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर निगम राजस्व विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि आम दिनों में भी ई-पालिका पोर्टल कब बंद हो जाता है इसका कोई भरोसा नहीं रहता। पोर्टल बंद होने के बाद भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। टैक्स जमा करने आने वालों की डिमांड दिखाई नहीं देती जिसके कारण वह परेशान होते हैं और निगम कर्मचारियों पर उनका आक्रोश निकलता है क्योंकि कितना जमा और कितना बकाया यह बताना बगैर पोर्टल के मुश्किल हो जाता है, ऐसी स्थिति में उन्हें दोबारा आने के लिए कहना पड़ता है, जिसके चलते उनका गुस्सा कर्मचारियों पर फूटता है। हालांकि वैकल्पिक तौर पर मैन्युअल रसीद देकर टैक्स जमा किया जाता है। पोर्टल चालू होने पर इस राशि को उनके खाते में ऑनलाइन जमा कर दिया जाता है।

नगर निगम द्वारा आज शनिवार को लोक अदालत के दौरान 100 करोड़ से अधिक का राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके चलते नगर निगम अपर आयुक्त द्वारा भोपाल के ई-पालिका पोर्टल पर संचालित करने वाले अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वह पहले ही सारी समस्या की जांच कर ले साथ पोर्टल अधिक समय तक बंद नहीं रहे ऐसी व्यवस्था की जाए। अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व वसूली के लिए कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग तरीकों से टैक्स जमा करने का आग्रह बकायादारों से किया गया है। इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी की गई है ईपालिका पोर्टल पर जाकर सीधे अपना खाता नंबर सर्च किया जा सकता है और टैक्स भी ऑनलाइन जमा हो सकता है इसके लिए निगम कार्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं है। जिन बकायदारों को नोटिस दिए गए थे एवं सूची चस्पा की गई थी, उनमें से 30 प्रतिशत से अधिक करदाताओं ने टैक्स जमा कर दिया है। वही नगर निगम को वित्त वर्ष की अंतिम लोक अदालत से बड़े राजस्व मिलने की उम्मीद है ताकि जमीन बेचने जैसा प्रस्ताव एमआईसी बैठक में नहीं लाना पड़े।



## सत्यनारायण मंदिर में गणगौर पूजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नरसिंह बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर में गणगौर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। ईसर-गौरा की पूजा सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए माता पार्वती (गौरा) और भगवान शिव (ईसर) की मूर्तियों की पूजा कर रही है। पारंपरिक लोकगीत भी गाए जा रहे है। यह आयोजन पश्चिमी क्षेत्र की कई दर्जन कालोनियों में भी हो रहा है। महिलाएं बाना भी निकाल रही है।

## 101 जैन समाजजन अतिशय क्षेत्र महावीरजी की यात्रा करेंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'एकता' के 101 सदस्य 20 से 23 मार्च तक राजस्थान प्रांत में स्थित अतिशयकारी श्री महावीरजी और चमत्कारजी तीर्थ की यात्रा करेंगे। महावीर जयंती का महापर्व 30 मार्च को है। इस अवसर पर इसके पूर्व एकता ग्रुप की महावीरजी की यात्रा हो रही हैं। यात्रा 20 मार्च दोपहर 4 बजे ट्रेन से शुरू होगी, जिसमें 101 जैन समाजजनों को ले जाया जाएगा। महावीरजी तीर्थ में दर्शन के बाद महाआरती और भजन संध्या भी होगी और रात में सवाई मधोपुर के लिए बस रवाना होगी। 22 मार्च को चमत्कार मंदिर के दर्शन के बाद अलग-अलग जिनालयों के दर्शन भी होंगे। सभी सदस्य रणथम्बोर के जंगल में जंगल सफ़ारी का आनंद लेंगे और रात्रि में ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना होंगे।



## इन्दौर के सुभाष वर्मा रहे पद प्रमाण पत्र देने में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी शारदा संतोष सालूके की अनुशंसा से राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास ने जयश्री सौदानसिंह सेन विदिशा को प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष वर्मा सेन भी उपस्थित रहे। सुभाष वर्मा, कैलाश श्रीवास ने बधाई दी है।

## 150 महिलाओं का विहिप ने किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विश्व हिन्दू परिषद ने मातृशक्ति फाग महोत्सव का आयोजन किया। इसमें 150 से अधिक महिलाओं का सम्मान भी किया गया। यह महिलाएं अलग-अलग क्षेत्र की है, जिन्होंने समाजसेवा की है। विहिप की सरोज सोनी, माला ठाकुर, संध्या सोनी, ज्योति श्रीवास्तव, स्वाति मालवीय, कृष्णा वर्मा बहने उपस्थित रही। फाग गीतों पर भी सभी ने धार्मिक लुत्फ लिया। उक्त जानकारी अन्नू गेहलोत ने दी।




## अग्र मंच का गणगौर बाना और फिर मेला




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था अग्र मंच की दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि संस्था ने कल गणगौर बाना का आयोजन किया। मेला भी आयोजित हुआ, प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। 60 महिलाओं को स्टॉल से रोजगार का मौका भी मिला, म्युजिकल तम्बोला खिलाया गया। मातृशक्तियां शृंगारित होकर पहुंची। कई राजनेता भी आयोजन में पहुंचे। शैलेष गर्ग, महेश मित्तल, राजेश बंसल, कुलभूषण मित्तल, जगदीश गोयल, प्रमोद बिंदल, राजेश गोयल, अरविंद बागड़ी, सोनल अग्रवाल ब्रजवासी, हंसा अग्रवाल, आहुति मित्तल, मोनिका अग्रवाल, दीपाली गोयल, आरती अग्रवाल, अर्चना गोड, ऋषिता अग्रवाल, सोनल गोयल, उषा बंसल, शीना केडिया, मोना अग्रवाल,स्वाति गोयल ,चंचल अग्रवाल, शिल्पा केडिया, स्वाति सिंघल, तृप्ति अग्रवाल, अंजु अग्रवाल, प्रीति गर्ग, मुक्ति अग्रवाल, डॉ. तरु गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## शंकराचार्य का सम्मान और साहित्य भेंट



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** द्वारका शारदापीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंदजी सरस्वती के इंदौर आगमन पर उनका सम्मान किया गया और उन्हें साहित्य भेंट किया गया। सभी ने शंकराचार्य से आशीर्वाद भी लिया। रामचन्द्र शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा, संतोष भार्गव सहित अन्य मौजूद थे।



## 200 बच्चियों को दीक्षा संस्कार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्काउट गाइड जिला संघ ने वैष्णव कन्या स्कूल राजमोहल्ला की 200 बच्चियों को दीक्षा संस्कार दिलाया। प्राचार्य आभा जौहरी एवं रमेश अग्रवाल, वैजयंती गहलोत मौजूद थे।

## सिंधी समाजजन रहे प्रश्न-उत्तरी और प्रतियोगिता में शामिल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

चेटीचंड महोत्सव के अन्तर्गत कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शुरूआत में सिंधी भाषा, सिंधी संस्कृति, सिंधी त्योहार, सिंधी खान पान पर चर्चा भी की गई। सिंधी ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में 45 सिंधी समाजजनों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में जवाहर मंगवानी ने उद्बोधन भी दिया।



गुलानी, संजय विधानी, कैलाश सितलानी, मनीष तलरेजा, निर्मला राजानी, बरखा असरानी, पूजा मनीष देवनानी, संजय नरसिहानी, नंदलाल खथुरिया, राजेंद्र सचदेव, डॉ. नादिया मसंद, नामोश तलरेजा, राज डेम्बला, कोमल रिझवानी, राज गुलानी, विजय पंजाबी, अनिता मुरझानी मौजूद थे।

## टीईटी परीक्षा के विरुद्ध दो अलग-अलग ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** टीईटी परीक्षा के विरुद्ध संघ ने दो अलग-अलग ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपे। टीईटी परीक्षा का विरोध जताया गया। म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला इकाई ने अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। राज्य कर्मचारी संघ के देवेन्द्रसिंह रघुवंशी, मुकेश सेन, विजयशंकर मिश्रा, गोपाल घोड़ेला, वंदना मरमट, विनोद कुमार, आकाश चौधरी, वंदना कंदोई, रेखा



परमार, सरिता मिश्रा, गीतिका शर्मा, सीमा वर्मा, निहारिका सिंह, अंजू शिवहरे, रेखा पवार, गुंजन सिंह, महेश चौहान, लक्ष्मीनारायण ठाकुर, वंदना शर्मा, अर्चना शर्मा, अखिलेश कुमार, ज्योति चंद्र एवं आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के केकेआर्य गोपाल कुमरावत, बर सिंह भूरिया, अमरीश शर्मा, अखिलेश पाल, लक्ष्मीनारायण धारीवाल, विनोद कुमार सोनगीर, पंकज सिंघल, शिव सोनी, डॉ. दीपक दुबे, प्रभुलाल चौधरी, महेंद्र धाकड़, मनीष दांगी, इलियास खान, दिनेश पठोते, पीयूष दुबे, दिनेश शर्मा, नवीन तिवारी, आसिफ खान, कैलाश अनिया, शिवम श्रीवास्तव, प्रभु चौधरी, मनीष दांगी, अंबाराम बरडे,



मेघा तंवर, इंदु गुप्ता, मोनिका भागवत, इंदु मालवंत, सतविंदर कौर, प्रीति यादव, ज्योति चौधरी, सीमा आलावा, शोभा शर्मा, महिमा बग्गा, हेमलता ठाकुर, अर्चना ठाकुर, सोनल जैन, स्वाति शर्मा, रचना फेंसे, आशा टैगोर मौजूद थे।



# सोयाबीन तकनीक पर प्रशिक्षक परीक्षण आयोजित

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान द्वारा 'मध्य प्रदेश के मालवा एवं निमाड़ क्षेत्र के लिए सोयाबीन-गेहूँ फसल प्रणाली आधारित उत्पादन तकनीकी' पर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 जिलों के 27 अधिकारियों ने सोयाबीन आधारित अलग-अलग पहलूंओं पर जानकारी हासिल की। डॉ. नेहा पांड्ेय, डॉ. बीयू दुपारे, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. जेबी सिंह, डॉ. राहुल गजघाटे, ड़ॉ. राजपाल मीणा, डॉ. केएच सिंह, डॉ. विशाल थोरात, श्यामकिशोर वर्मा ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई।

## फाग महोत्सव का आज शाम आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** यादव युवा अहीर संघ द्वारा आज स्काउट ग्राउण्ड चिमनबाग पर शाम 5.30 बजे से फाग उत्सव का आयोजन होगा। मुंबई के अदाकार अपनी भूमिका निभाएंगे। सहभोज का आयोजन भी होगा। आयोजन से आईपीएस यादव, श्याम यादव, सुनील यादव, अभय यादव, कोमल यादव सहित अन्य टीम जुडी हुई है।

# किडनी दिवस पर किडनी देने वालों का सम्मान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माधर सृष्टि संस्था ने विश्व किडनी दिवस पर आयोजन किया। किडनी से संबंधित होने वाली बीमारी और अन्य बीमारी के बाद की जानकारियां विशेषज्ञों ने दी। यह बताया कि किडनी की औसत आयु लगभग 126 वर्ष होती है और 100 में से 7 लोग एक ही किडनी से अपना काम चला लेते हैं। फिर भी कोई समस्या होती है तो अंतिम उपाय किडनी ट्रांसप्लांट भी हो जाता है। यह भी जानकारी दी गई कि प्रीति उनहाले का 25 वर्ष पूर्व हार्ट ट्रांसप्लांट हुआ था वे भी पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ. विद्युत जैन, डॉ. राजेश कोठारी, डॉ. जयसिंह अरोरा, कशिश सतवानी ने किडनी से संबंधित उद्बोधन दिए। किडनी देने वालों का सम्मान भी किया गया। डॉ. संजय लौंडे, संदीप जमींदार, माधव मोटवानी, योगेश दुबे, जगदीश जोशी, राजेश अहीरे, डॉ. सपना चौधरी, कमल सियाल, दीपक शर्मा उपस्थित थे।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्था के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की इंदौर शाखा द्वारा नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण का आयोजन आज 14 मार्च की शाम 5.30 बजे से आईसीएआई भवन स्कीम नं.78 में रखा गया है। इस पदाधिकारी शपथ ग्रहण आयोजन में सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट को न्योता भेजा गया है, शपथ के बाद सामूहिक भोज का आयोजन भी किया जाएगा।

# सिंधी व्यापारियों के यहां पहुंचकर दिया जा रहा है निमंत्रण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आराध्य देव झूलेलालजी की जयंती चेटीचंड के पूर्व निकलने वाली एकता संदेश यात्रा वाहन रैली का निमंत्रण सिंधी बाहुल्य क्षेत्र के अलावा सिंधी समाज से जुडे व्यापारियों को भी दिया जा रहा है। डॉ. संतोष वाधवानी ने बताया कि समग्र सिंधी समाज, सिंधी युवा मोर्चा, और चेटीचंड युवा समिति के नेतृत्व में यह बडी वाहन यात्रा कल 15 मार्च की शाम 4:30 बजे मार्ग दशहरा मैदान से सिंधी कॉलोनी तक निकाली जाएगी। इस यात्रा का स्वागत भी जगह-जगह किया जाएगा।



## मां वैष्णो के भक्त आज करेंगे फाग उत्सव

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माता वैष्णोदेवी भक्त महिला मंडल एवं वैष्णोदेवी भक्त युवा मंडल टीम द्वारा आज शाम 4:30 बजे से रात्रि 8:30 तक एमआईजी थाना के पीछे फाग उत्सव का आयोजन पारिवारिक रूप से किया जाएगा। राधाकृष्ण की झांकी भी सजाई जाएगी। आयोजन से धर्मेन्द्र जोशी, रोशनी की टीम लगी हुई है। प्रमुख रूप से दिलीप सोलंकी, ओमप्रकाश मोदी, मनोज रघुवंशी, दिनेश झिंझोर, अर्जुन सोलंकी, राहुल शेखावत, सचिन नरवरिया, हेमराज सेन, रवि वर्मा, टोनी, हिमांशु, संतोष रजत, अभिषेक भृगुवंशी जोशी, रितेश बाफना, डॉ. आलोक डोलिया, डॉ शरद पंडित, राजू शर्मा, महेश पालीवाल, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, मनीष तिवारी, विवेक शुक्ला, काशी मिश्रा, अनमोल तिवारी, मनोज मिश्रा, गिरीश जैन, बंटी शर्मा, मुकेश पीपाड़ा मौजूद रहेंगे।



# ग्रीन स्केल ट्रेनिंग के प्रमाण पत्र

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आईटीआई में आयोजित ग्रीन स्केल ट्रेनिंग के दौरान सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सतीश साहू, महेश जारवाल, श्री अम्बोदिया, संजय जैन और सभी टैनिज उपस्थित थे।

## अग्रवाल परिचय सम्मेलन, पुस्तिका का विमोचन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अग्रसेन सोशल ग्रुप, इंदौर द्वारा ओंकारेश्वर मे एक दिवसीय अ. भा. अग्रवाल वैश्य युवा परिचय सम्मेलन कल 15 मार्च को ओंकारेश्वर में किया जाएगा। आयोजन को लेकर सम्मेलन पुस्तिका का विमोचन गीता भवन में किया गया। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, विनोद गोयल, राजू बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्र महिलाएं मेला में तम्बोला भी खेलेंगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नव चेतना महिला संगठन द्वारा 17 मार्च को शाम 4 बजे से गणगौर मेले का आयोजन स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित होगा। अग्रवाल मातृशक्तियां तम्बोला सहित अन्य प्रतियोगी गैम भी खेलेंगी। अतिथि शैलेष गर्ग, महेश मित्तल सहित अन्य रहेंगे। कार्यक्रम से अरविन्द बागडी, कांता अग्रवाल, शशि ऐरन, कविता गोयल, राजेश गोयल, ओमप्रकाश ऐरन, परिधि कंसल, मंजू गोयल, रमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल जुडी हुई है।

## स्कूली बच्चों को बेग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था सफलता एक प्रयास एनजीओ ने ग्राम जमुरी हप्सी गांधीनगर में जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। महाकाल सेना के संस्थापक अर्जुन नायक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था सफलता एक प्रयास एनजीओ ने बच्चों के लिए आयोजन किया।



# हमाई संगठन में यादव और भदौरिया को जिम्मेदारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हमाई संगठन की बैठक बापट चौराहा कार्यालय पर आयोजित की गई। होम्योपैथिक विशेषज्ञ संस्था से जुडे हुए है। निर्विरोध चुनाव किए गए जिसमें अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्रसिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष डॉ. अजय वशिष्ठ, एवं मुकेश अग्रवाल,सचिव डॉ. रोहित यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. गणेश विश्वकर्मा,सह-सचिव डॉ. सहबुद्दीन फारूकी एवं डॉ. जे.पी. धुर्व एवं कार्यकारिणी में डॉ. सपना कोठारी, डॉ. ज्योति मिस्त्री, डॉ. समीर कनेटकर,डॉ. संदीप विश्वकर्मा, डॉ. विनय पाटीदार एवं म.प्र. एन.सी. सदस्य डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अर्पित चोपड़ा,डॉ. योगेश तिवारी व केन्द्रीय : एन.ई.सी. सदस्य डॉ. सी.एल. यादव, डॉ. ए.के. द्विवेदी, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. एस.पी. सिंह का चयन हुआ। उक्त जानकारी डॉ. सीएल यादव एवं डॉ. रोहित यादव ने दी।





# सेन समाजजन रहेंगे शोभायात्रा में मौजूद

## तैयारियां शुरू, बैठक भी होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संत शिरोमणि सेन महाराज की जन्म जयंती पर केंद्रीय समिति सेन समाज 14 अप्रैल को शोभा यात्रा का आयोजन करेगी। इस बडी शोभायात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। क्योंकि बडी संख्या में सेन समाजजन मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष नीलेश सेन शेलू, संदीप श्रीवास, विनीत सेन, रीतेश वर्मा ने बताया कि सेन एकता शोभायात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर सेन स्मारक चौराहा चाणक्यपुरी तक निकाली जाएगी। सेन समाज के सभी 19 गौठ और संगठन बारबर एसोशिएशन के पदाधिकारी और सेन समाज के लोग जुटेंगे। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव के सम्मिलित होने की संभावना भी जताई जा रही है। आयोजन में वीरु सेन, लखन परमार, मंगल अमेरिया, जनक सेन, अमर वर्मा, राजकुमार भाटी, संजय श्रीवास, रामदुलारे श्रीवास, नितेश सेन, भोला सेन दबाना,परेश सेन सहित अन्य मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि निगम ने सेन चौराहा चाणक्यपुरी ग्रीनलैंड बगीचे केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर को गोद लिया है, जिसका लोकार्पण भी सेन महाराज की जयंती पर मुख्यमंत्री कर सकते है। 17 मार्च को बडी बैठक समाजजनों की होगी जिसमें समाज के सभी गुट एकजुट होकर शामिल होंगे।



## बर्तन व्यापारियों का कल होली मिलन आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री इन्दौर बर्तन निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष जीवन परियानी, सचिव सतीश गोयल, राजेश मित्तल लाला, मुरलीधर नवाल, राज अग्रवाल, प्रहलाद वर्मा पप्पू ने बताया कि संस्था ने अपने सदस्यों के लिए होली मिलन का आयोजन कल रविवार 15 मार्च को दोपहर 3 बजे से श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में आयोजित किया है। कार्यक्रम को इवेंट के रूप में आयोजित किया जा रहा है। पारिवारिक रूप से होने वाले इस आयोजन में बर्तन व्यापारी और उद्योगपति बडी संख्या में मौजूद रहेंगे। कई प्रतियोगी गैम और मनोरंजन कार्यक्रम भी होंगे।

# मॉर्निंग रूटीन से लेकर खेल और नींद तक ऐसे करें सही परवरिश



**छोटे** बच्चों की परवरिश आसान नहीं होती है, लेकिन सही देखभाल और दिनचर्या से यह सुखद बन सकता है। बच्चे के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए खानपान, खेल और समय पर सोने-जागने की आदतें बेहद जरूरी होती हैं।

छोटे बच्चों की देखभाल करना कई बार काफी चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन यह अनुभव खुशियों से भी भरा होता है। एक साल की उम्र से लेकर जब बच्चे लड़खड़ाते हुए अपने पहले कदम रखते हैं और फिर स्कूल की शुरुआत करते हैं, तब तक हर बच्चा अपने अलग स्वभाव और जरूरतों के साथ आगे बढ़ता है। ऐसे में माता-पिता और अभिभावकों की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। बच्चे का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास काफी हद तक उनके व्यवहार, देखभाल और दिनचर्या पर निर्भर करता है। इसलिए छोटे बच्चों की सही परवरिश करना बहुत जरूरी होता है। यहां हम आपके लिए छोटे बच्चों की परवरिश से जुड़े कुछ खास टिप्स लेकर आए हैं, जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।

## दिनचर्या पर दें खास ध्यान

बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए हर दिन की दिनचर्या भी काफी अहम होती है। ऐसे में बच्चों को रोज एक तय समय पर जगाना चाहिए। इससे उनका बॉडी क्लॉक सही बना रहता है। सुबह उठते ही उन्हें तैयार होने की आदत डालें।

## पौष्टिक नाश्ते से करें दिन की शुरुआत

दिन की शुरुआत पौष्टिक नाश्ते से करनी चाहिए। ऐसे में छोटे बच्चे को नाश्ते में दही, फल, अंडे और दूध जरूर दें। साथ ही खेलने का भी समय तय करें। दरअसल, खेल-खेल में बच्चे नई चीजें सीखते हैं।

## खेल के दौरान पढ़ाई को करें शामिल

खेल के दौरान पढ़ाई को भी मजेदार तरीके से शामिल किया जा सकता है। लाइब्रेरी जाना, नेचर वॉक पर निकलना या घर पर छोटे-छोटे प्रयोग करना बच्चों के ज्ञान को बढ़ाता है। दोपहर के समय हल्का और पौष्टिक लंच दें।

## शाम के समय इन बातों का रखें ध्यान

शाम के समय बच्चे के लिए आउटडोर या इनडोर एक्टिविटी चुनें। इस दौरान आप उनके साथ पार्क जा सकते हैं। वहीं, रात में बच्चों के खाने में संतुलित भोजन दें। बच्चों के लिए सोने की एक तय दिनचर्या बनाएं। इस तरह आप बच्चों की परवरिश सही तरीके से कर सकते हैं।

## दादी-नानी के घरेलू नुस्खे

1. दांत के दर्द से छुटकारा पाने के लिए अदरक का छोटा सा टुकड़ा चबाएं। दर्द तुरंत दूर हो जाएगा।
2. तेज सिरदर्द से छुटकारा पाने के लिए सेब को छिल कर बारीक काटें। उसमें थोड़ा सा नमक मिलाकर सुबह खाली पेट खाएं।
3. शरीर पर कहीं जल गया हो- तेज धूप से त्वचा झुलस गई हो, त्वचा पर झुर्रियां हों या कोई त्वचा रोग हो तो कच्चे आलू का रस निकालकर लगाने से फायदा होता हैं।
4. अगर कोई कीड़ा-मकोड़ा काट ले, तो तुरंत कच्चे आलू का एक पतला टुकड़ा काटकर उस पर नमक लगाकर कीड़े के काटे हुए स्थान पर 5-7 मिनट तक रगड़ें। जलन और दर्द गायब हो जाएगा।
5. मक्खन में थोड़ा सा केसर मिलाकर रोजाना लगाने से काले होंठ भी गुलाबी होने लगते हैं।

# चांदी के गहनों का कालापन दूर करने के 3 आसान घरेलू तरीके



चांदी के गहने समय के साथ अपनी चमक खोने लगते हैं और उन पर कालापन आ जाता है। हालांकि, कुछ आसान घरेलू उपायों की मदद से आप इन्हें बिना अधिक मेहनत के साफ कर सकते हैं। चांदी के गहने अपनी खूबसूरती और सफेद चमक के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, समय के साथ ये गहने पसीने, परफ्यूम और केमिकल्स के संपर्क में आने से काले हो जाते हैं। इससे इनकी चमक खो जाती है।वहीं, सफाई के लिए अधिकतर लोग मार्केट में मिलने वाले केमिकल्स का उपयोग करते हैं, जिससे कई बार गहनों की चमक चली जाती है। कई मामलों में तो गहने खराब भी हो जाते हैं। हालांकि, चांदी के गहनों से कालापन हटाने के लिए आप कुछ आसान घरेलू उपायों को फॉलो कर सकते हैं।

## नींबू और नमक से करें क्लीन

चांदी के गहनों को साफ करने के लिए आप नींबू और नमक का उपयोग कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में साइट्रिक एसिड होता है, जो चांदी की सफाई में मददगार होता है। इसके लिए एक कटोरी में नींबू का रस लें और उसमें थोड़ा सा नमक डालकर मिश्रण तैयार करें। अब इसमें चांदी के गहनों को डालकर कुछ समय के लिए ऐसे ही छोड़ दें। करीब 10 मिनट बाद गहनों को हल्के हाथों से रगड़ते हुए साफ कर लें।

## बेकिंग सोडा से हटाएं कालापन

बेकिंग सोडा भी चांदी के गहनों की सफाई के लिए कारगर हो सकता है। इसके लिए एक कटोरी में थोड़ा सा बेकिंग सोडा लें और उसमें पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को पुरानी टूथब्रश की मदद से गहनों पर हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ समय बाद गहनों को साफ पानी से धो लें। इससे गहनों का कालापन धीरे-धीरे हटने लगता है।

## एल्युमिनियम फॉयल और गर्म पानी

अगर चांदी के गहने बहुत अधिक काले हो गए हैं, तो एल्युमिनियम फॉयल और गर्म पानी की मदद से इन्हें आसानी से साफ किया जा सकता है। इसके लिए एक बर्तन में एल्युमिनियम फॉयल बिछाएं और उस पर चांदी के गहने रखें। अब इसमें एक से दो चम्मच नमक डालें और ऊपर से गर्म पानी डाल दें। इससे चांदी का कालापन आसानी से हट जाएगा।

## सफाई के दौरान इन बातों का रखें ख्याल

चांदी के गहनों को साफ करते समय इसे अधिक नहीं रगड़ना चाहिए। इससे चांदी की गहने खराब हो सकती है। अगर गहनों में स्टोन या मोती लगे हों, तो उन्हें पानी में ज्यादा देर तक न भिगोएं। वहीं, गहनों को साफ करने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा लें।

# छीलने के बाद भी तेजी बनी रहेगी मटर



**मटर** छीलने के कुछ समय बाद ही वह गलत स्टोरेज और नमी के कारण खराब होने लगती है। ऐसे में कुछ आसान और स्मार्ट तरीकों को अपनाकर मटर को कई दिनों तक फ्रेश रखा जा सकता है।

सर्दियों के मौसम में मार्केट में हरी मटर की भरमार होती है। मटर को कई तरह की सब्जियों के साथ भी बनाया जाता है। खासकर कीमत कम होने पर लोग इसे एक बार में अधिक खरीदकर स्टोर भी करते हैं। वहीं, कई बार ऐसा होता है कि मटर को छीलने के कुछ समय बाद ही उसका रंग फीका पड़ने लगता है, जिससे वह जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में आप कुछ खास टिप्स को फॉलो करके मटर को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं। यहां हम आपके लिए कुछ खास टिप्स लेकर आए हैं, जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।

## मटर छीलने के बाद धोएं

मटर छीलने के बाद उसे साफ पानी से धो लें। दरअसल, मटर छीलने के बाद उस पर हल्की गंदगी या फली का रस लग जाता है, जिससे उस पर बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। मटर को साफ पानी से धोने पर यह जल्दी खराब नहीं होती। हालांकि, धोने के बाद उसे अच्छी तरह सुखा लें।

## एयरटाइट कंटेनर का करें उपयोग

छिली हुई मटर को लंबे समय तक स्टोर करने के लिए एयरटाइट कंटेनर का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा आप जिप लॉक बैग का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, इससे मटर में नमी नहीं लगती, जिससे वह लंबे समय तक ताजा बनी रह सकती है।

## फ्रीजर में करें स्टोर

मटर को छीलने के बाद स्टोर करने के लिए फ्रीजर का उपयोग किया जा सकता है। फ्रीजर में रखी मटर कई हफ्तों तक खराब नहीं होती। आप इसे सब्जी बनाते समय सीधे उपयोग में भी ले सकते हैं। अगर आप मटर को 2-3 दिन तक इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो इसे फ्रिज के वेजिटेबल सेक्शन में रखना बेहतर होता है।

# सुपरफूड... घर बनाएं टेस्टी Amla Candy

**सर्दियों में सेहत का खास ख्याल रखने के लिए आंवला बेहतरीन सुपरफूड माना जाता है। इससे बनी आंवला कैंडी स्वादिष्ट होने के साथ इम्यूनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने और शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में मदद करती है। आप इसे घर पर भी आसानी से तैयार कर सकते हैं।**



**आंवला** को सर्दियों का सुपरफूड कहा जाता है। इसमें विटामिन ए, एंटीऑक्सीडेंट सहित कई तरह के जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ-साथ सर्दी-खांसी से बचाने में भी काफी मददगार होते हैं। इसके सेवन से त्वचा और बाल भी स्वस्थ रहते हैं। वैसे तो लोग आंवले का सीधे तौर पर सेवन नहीं करते हैं। हालांकि, आप इससे घर पर ही आसानी से आंवला कैंडी बना सकते हैं। इसका स्वाद मीठा-खट्टा होता है, जो बच्चों को भी काफी पसंद आता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है।

**आंवला कैंडी बनाने की सामग्री :** आंवला-500 ग्राम, चीनी-250 ग्राम, आधा छोटा चम्मच नमक, पानी

**आंवला कैंडी कैसे बनाएं? :** आंवला कैंडी बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को अच्छी तरह धो लें और उनके बीज निकाल दें। इसके बाद आंवलों को पानी में उबालें, जिससे वे नरम हो जाएं। अब उबले हुए आंवलों में चीनी और थोड़ा-सा नमक मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं। कुछ समय बाद मिश्रण गाढ़ा होने लगेगा। जब यह अच्छी तरह पक जाए, तो इसे किसी प्लेट या ट्रे में फैलाकर ठंडा होने दें। ठंडा होने के बाद इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इस तरह आप घर पर ही आसानी से आंवला कैंडी तैयार कर सकते हैं। अंत में आंवला कैंडी को एयरटाइट कंटेनर में स्टोर कर लें।

**आंवला कैंडी खाने के फायदे :** आंवला कैंडी खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और शरीर रोगों से लड़ने में सक्षम बनता है। इसके नियमित सेवन से पाचन तंत्र बेहतर रहता है और मेटाबॉलिज्म भी सुधरता है, जिससे वजन कंट्रोल में रहता है। साथ ही यह आंखों की रोशनी बढ़ाने, थकान व कमजोरी दूर करने के साथ-साथ त्वचा में निखार और बालों को मजबूती देने में मददगार होती है।

संपादकीय

## बहस का गिरता स्तर समाधान का जरिया या सिर्फ ऊर्जा की बर्बादी?

समाज में बढ़ती बेवजह की बहस और 'तकरार के संस्कार' पर गहरा कटाक्ष किया गया है। सार्थक मुद्दों पर तर्क जरूरी है, लेकिन अहंकार की बहस सिर्फ ऊर्जा की बर्बादी और मानसिक तनाव लाती है। इसी मुद्दे पर पढ़ें पूनम पांडे का लेख... मनुष्य हमेशा एक ही भाव में मुश्किल से ही दिखता है। वह कभी खुश कभी नाखुश है। कभी मुखर तो कभी मौन। कभी चुस्त-दुरुस्त तो कभी आलसी और सुस्त। कभी स्वस्थ तो कभी अस्वस्थ। कभी कंजूस तो कभी खर्चीला। यह इंद्रधनुषी रंग हर जगह देखने को मिल जाते हैं। इसे हर कोई स्वीकार भी कर लेता है। एक कहावत भी है कि इंसान अपने वातावरण के जैसा ही बन जाता है। रोजाना महसूस हो रही जीवनशैली की उजली-धुंधली चित्रकारी आदमी के मन में बैठकर उसका व्यवहार बनने लगती है। इसीलिए एक आदत आजकल के लोगों में बहुतायत से देखने को मिल रही है। वह है बात-बात पर बहस और नाहक वाद-विवाद। हर बात पर तकरार का संस्कार सब पर हावी होता जा रहा है। अगर आभासी दुनिया की बात की जाए, तो वहां भी हालात इसी तरह के हैं। एक ने सोशल मीडिया पर अपनी वाल कुछ लिखा, तो दूसरे को अखर जाता है। तीसरा उस पर खुलेआम अपशब्द लिख देता है। चौथा तो पांच, छह, सात अपनी ही मानसिकता वालों को आवाज देकर बुलाता है। उसके बाद गरमागरम बहस और तानेबाजी चल पड़ती है। जमीन के जगत में आप रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे हों, तो चार लोग बिना बात के ऊल-जलूल बोलने लगते हैं। आभासी दुनिया का ज्ञान उलीचने लगते हैं। चारों तरफ से बहस ही बहस हो रही होती है। सड़क पर, बस, मेले, जुलूस में या किसी सामाजिक समारोह में, हर जगह यह आम बात होती जा रही है। वहीं ऐसे भी लोग हैं जो अपने घर में मौनी साधक बनकर चुप बैठे रहते हैं, लेकिन घर की चारदिवारी से बाहर निकलकर वे लोग भी अपने दिमाग का तरकश लेकर तैयार रहते हैं और फिर बातों के तीर चलाने से जरा भी बाज नहीं आते हैं। यानी हर जगह हर किसी को बहस करना तथा उलझना मजेदार लगने लगा है। दरअसल, टीवी बहसों ने भी लोगों को झगड़ालू-सा बना दिया है। आजकल चैनलों की बाढ़ इस कदर आ गई है कि कोई व्यक्ति इनकी भाषा और बोली से अछूता नहीं रहा है। परिणाम यह है कि अब हर किसी को औरों से तीखी बात करने में अपने सामने वाले से नोकझोंक करने में ही बहुत रस आने लगा है। न जाने यह कौन-सा तनाव है, उलझन है, बेचैनी है कि लोग बात-बात पर बहस करने लगते हैं। एक दिन तो एक चौराहे पर एक कूरियर वाला संबंधित पते पर गया। उसने पार्सल देते हुए बस इतना ही कहा कि 'ओटीपी' दीजिए। इस पर पार्सल लेने वाले ने कहा कि हां-हां, मुझे भी मालूम है, ज्यादा मत बोलो। और बस इसी बात पर देखते ही देखते दोनों की गरमागरम बहस शुरू हो गई और आखिर ओटीपी कूरियर वाले को नहीं मिला। कूरियर वाला पार्सल वापस लेकर चला गया। इसी तरह, एक कस्बे की बारात में एक नकचढ़े बाराती की पसंद का गीत न बजाने पर इतनी बहस हुई कि गाली-गलौज से नाराज और रूठे हुए बैंडवाले वापस चलते बने। मुहूर्त चला जा रहा था, दूसरे बैंडवाले खाली नहीं थे, तो बाकी बारात ऐसे ही खामोश होकर गई। जरा-सी बात ने यह हालत कर दी। फिर बहस इस बात पर खड़ी हो गई कि यह भी क्या कोई बहस वाली बात थी! देखा जाए तो बहस करना इतना बुरा नहीं है। कितनी ही बार चिकित्सक से समुचित बात करने के बाद कितने ही लोग अनावश्यक सर्जरी से खुद को बचा पाए हैं। वे चिकित्सीय रिकार्ड के साथ यह सार्वजनिक रूप से बताते भी हैं कि उस संवेदनशील पल में तकरार और झगड़ा न किया होता, तो आठ-दस लाख का आपरेशन हो जाता, जिसकी वास्तव में इतनी भी जरूरत नहीं थी। घर-परिवार में कोई प्रतिभावान बालक या बालिका अगर बहस न करे, तो अपनी इच्छानुसार करिअर नहीं चुन सकता। रोजमर्रा की जिंदगी में भी देख सकते हैं कि मनमानी करने वाले दुकानदार से बराबर बहस करनी होती है, तब जाकर उचित मूल्य पर मनचाही वस्तु खरीदी जाती है। मगर साथ ही यह भी सच है कि बेकार और बेमतलब की बहस या तकरार का कोई हासिल नहीं होता। बहस करने वाला अपनी ऊर्जा भी खर्च करता है और बेवकूफ भी साबित होता है। खासतौर पर अगर बहस खुद को बाकी लोगों से बढ़कर दिखाने की भूख न हो। बहस अगर सफाई अभियान के लिए, नशामुक्ति के लिए हो, निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए हो, अपने अवगुण खत्म करने के लिए हों, तब बहस का कोई मतलब समझ में भी आता है। हम बेमानी बहसों में उलझने के बजाय सार्थक मुद्दों और सही समय का चुनाव कर सकते हैं, जिसमें बहस करने के बाद कुछ हासिल हो।

# साढ़े 4 करोड़ के प्लॉट सौदे में 2.44 करोड़ की धोखाधड़ी

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। एक प्लॉट का सौदा कर जालसाज ने फरियादी से सवा दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि ऐंठ ली और न तो रजिस्ट्री करवाई और न ही पैसे लौटाए। पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी रोहित मारु की शिकायत पर आरोपी अजय सुराणा पिता मनोहरलाल सुराणा निवासी तिलक नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी रोहित मारू ने पुलिस को बताया कि अजय सुराणा और उसके भाई ने मिलकर उसे एक कीमती भूमि दिखाई थी। इस पूरे सौदे में फरियादी ने मूल भू-स्वामी और उसके पति पर भी अप्रत्यक्ष रूप से अजय सुराणा का साथ देने का संदेह जताया है। आरोप है कि मूल मालिकों ने ही फरियादी को मौके पर ले जाकर प्लॉट दिखाए थे, जिससे उसे सौदे पर विश्वास हो गया। शिकायत के मुताबिक, प्लॉट का कुल सौदा 4 करोड़ 50 लाख रुपये में तय हुआ था। इसके एवज में फरियादी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 2 करोड़ 44 लाख रुपये अजय सुराणा को दे दिए। बड़ी रकम हाथ में आने के बाद आरोपी की नीयत डोल गई। उसने तय समय सीमा के भीतर न तो प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई और न ही लिए गए रुपये वापस किए।

## विधवा को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, सागर के युवक पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उससे दोस्ती की और फिर शादी का वादा कर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, हीरानगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सूरज काछी मूल निवासी राहतगढ़, जिला सागर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति का देहांत हो चुका है, जिसके बाद उसकी पहचान सूरज से हुई थी। सूरज ने उसे सहारा देने और शादी करने का भरोसा दिलाया, जिससे वह उसके झांसे में आ गई।आरोप है कि सूरज ने शादी करने की बात कहकर पीड़िता के कमरे पर ही कई बार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला ने उस पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे छोड़ दिया। अंततः परेशान होकर महिला ने पुलिस की शरण ली।

## मोबाइल टावर से कीमती 'बेसबैंड कार्ड' चोरी, क्षेत्र में नेटवर्क सेवाएं हुई ठप

**इन्दौर।** तिलकनगर थाना क्षेत्र में तकनीकी उपकरणों की चोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। शातिर बदमाशों ने मोबाइल टावर से नेटवर्क संचालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाने वाला 'बीटीएस बेसबैंड कार्ड' चोरी कर लिया, जिसके कारण संबंधित क्षेत्र में मोबाइल और डेटा सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, श्रीजी वैली निवासी बिजू मेथु, इन्डस टॉवर लिमिटेड में टेक्नीशियन हैं, ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि परिचारिका नगर स्थित मोबाइल टावर साइट के अचानक बंद होने की सूचना मिली थी। जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो टावर के कैबिनेट से वीआईएल कंपनी का बीटीएस बेसबैंड कार्ड और अन्य तकनीकी सामान गायब था। तिलकनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का अंदेशा है कि इस वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ हो सकता है, जिसे टावर के उपकरणों और उनकी कार्यप्रणाली की तकनीकी जानकारी हो।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने एसिड पीकर दी जान

**इन्दौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बीमारी से परेशान एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने घर में रखे एसिड का सेवन कर लिया था, जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना राजरानी नगर इलाके की है। पुलिस के अनुसार, यहाँ रहने वाले पंकज पिता भेरू सिंह (35) ने अपने घर पर एसिड पी लिया था। अचानक तबीयत बिगड़ने और हालत नाजुक होने पर परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर में जहर फैलने के कारण इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।परिजनों ने पुलिस को बताया कि पंकज पेशे से इलेक्ट्रिशियन था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह पिछले लंबे समय से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से काफी तनाव में रहने लगा था। माना जा रहा है कि इसी शारीरिक और मानसिक परेशानी के चलते उसने यह आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

## चाकू और गुप्ती के साथ दो गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बाणगंगा पुलिस ने बीती रात करीब 8 बजे बाणगंगा ब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए अमन उर्फ चिकना निवासी पेनजान कॉलोनी को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ, जिसकी मूठ पर पीतल जैसी धातु और लकड़ी का हत्था लगा था। पुलिस ने आरोपी के पास से बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। वहीं भंवरकुआं पुलिस ने पिपलियापाला स्थित आरआर गार्डन के सामने रोड से नरेन्द्र तंवर निवासी पिपलियाराव को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से लोहे की धारदार गुप्ती बरामद हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर हथियार जब्त कर लिए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी ले उड़े चोर

**इन्दौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण एवेन्यू में चोरी की एक वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए वहां से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक,फरियादी जितेन्द्र चौहान निवासी श्रीकृष्ण एवेन्यू फेस-03 ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब उनका परिवार घर से बाहर था, तब अज्ञात बदमाश ने मकान का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुआ। बदमाश ने बेडरूम में रखी लकड़ी की अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी सोने की चेन, चांदी की चेन, बच्ची के हाथ के चांदी के कड़े, एक जोड़ी चांदी की पायजेब और नकदी चोरी कर ली। पुलिस अब क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों का सुराग मिल सके।

## मुख्यमंत्री आतिथ्य में राज्य स्तरीय मैत्री सम्मेलन कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में 'समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश' की थीम पर वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ पशुपालन एवं डेयरी उद्यमिता को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक आधारित रोजगार सृजन मॉडल के रूप में विकसित करना है। प्रदेश में डेयरी को उद्यमिता से जोड़ते हुए कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस रहेगा। इसी कड़ी में कल 15 मार्च को दशहरा मैदान, इंदौर में राज्य स्तरीय मैत्री कार्यकर्ता/गौ सेवक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नव प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने अनुभव साझा कर किसानों और पशुपालकों को प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग के कुल 20 जिलों से लगभग 6 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे।

## जैन समाजजन रहे माताजी के मंगल प्रवेश में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्यिका मां 105 विज्ञानमति माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश समर्थ सिटी में हुआ। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।

## शासकीय और बैंक अधिकारियों की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में शासकीय अधिकारियों और बैंक अधिकारियों की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित हितग्राही एवं रोजगार मूलक योजनाओं तथा कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग और बैंक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 31 मार्च तक आवंटित लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## नारकोटिक्स के फरार 16 आरोपियों पर इनाम घोषित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नारकोटिक्स विंग द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले व्यक्तियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। उप पुलिस महानिरीक्षक नारकोटिक्स विंग इंदौर महेशचंद जैन ने बताया कि थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित संशोधित पुलिस रेग्यूलेशन में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि जो कोई व्यक्ति इन फरार आरोपियों को विधि प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार करवाने में सहयोग करेगा अथवा उनकी गिरफ्तारी के संबंध में पुख्ता सूचना देगा, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी, उसे निर्धारित राशि के अनुसार नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नारकोटिक्स विंग के अनुसार कुल 16 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये से 20 हजार रुपये तक का इनाम घोषित किया गया है। इस प्रकार कुल एक लाख 30 हजार रुपये के इनाम घोषित किए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

## नवलखा बस स्टेण्ड चालू किया जाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था परामर्श के विष्णु कोठारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा नवलखा सार्वजनिक बस स्टेण्ड को अन्तराज्यीय स्टेण्ड, नायता मुण्डला करने का निर्णय लिया जो उचित नहीं है। वास्तविक स्थिति यह है कि 22 विधानसभा क्षेत्रो के गांव-कस्बो के आमजन को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबको व्यापारिक सामाजिक कार्यो से इन्दौर आना जाना होता है। नायता मुण्डला बस स्टेण्ड शहर से काफी दूर होकर सुगम साधन नहीं होने से व खर्चीला, ज्यादा समय खराब करने वाला है। महिलाओ के लिये भी सुरक्षित नहीं है विशेषकर रात्रि में। रात्रि में शहर से आने जाने की सार्वजनिक सुविधाये नहीं है। शहर में विभिन्न स्थानो से 10 से ज्यादा बस स्टेण्ड कार्यरत है। स्कूल, कॉलेजो, सिटी एवं औद्योगिक बसे हजारो की तादाद में चलती है। हमारी मांग है कि नवलखा बस स्टेण्ड को पुनः चालू किया जाये। जब तक इन सभी रूटो की बसो को सरवटे स्टेण्ड / तीन इमली बस स्टेण्ड से चालू किया जाये। आमजन के हित में निर्णय लिया जाएं।

# राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा आज से

### मध्य प्रदेश की टीमें घोषित



**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी सीनीयर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा आज से स्थानीय अभय प्रशाल में प्रारंभ होगी। स्पर्धा में 34 राज्यों के करीब 900 खिलाड़ी भाग ले रहे है। स्पर्धा में 20 लाख रू की इनामी राषि खिलाड़ियों को प्रदान की जायेगी।

मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन की चयन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, तथा प्रमोद गंगराडे की समिति ने तीन राज्य रैंकिंग स्पर्धाओं तथा राज्य स्पर्धा में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली प्रदेश की टीमों का चयन किया।

चयनित टीमें इस प्रकार है - पुरुष वर्ग में सोम्यदीप सरकार, शिवम सोलंकी (दोनो भोपाल), अनुज सोनी, प्रथम बाथम, पंकज विष्वकर्मा (तीनो इंदौर)। महिला वर्ग - मोमिता पाल, परमी नागदेवे (दोनो भोपाल), हिमानी चतुर्वेदी (ग्वालियर), भव्या राव, पूजा शर्मा (दोनो इंदौर)। अजय राजपूत प्रबंधक तथा कलीम खान, साबिर अली प्रशिक्षक नियुक्त किये गये हैं। राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली टीमों को मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद, गौरव पटेल द्वारा अभय प्रशाल में सादे समारोह में सम्मानित किया गया ।

## एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा विजय क्लब की रोमांचक जीत

**इंदौर ।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत विजय क्लब एवं महू स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 6 विकेट खोकर 175 रन बनाये। दीपक भूरिया ने नाबाद 61 रन एवं वैदिक वाणी ने 52 रन बनाये। केशव व दिपांशु ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में महू स्पोटस की टीम 19 ओवरो में 155 रनों पर सिमट गई और यह मैच 20 रनों से हार गई । दिपांशु राजपुत ने 73 रन बनाये। वैदिक, विनय व दीपक भूरिया ने 2-2 विकेट लिये।

## इंदौर जिले में चार और विद्युत ग्रिड बनेंगे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने कल आरडीएसएस, एसएसटीडी, केएफडब्लू मद इत्यादि से जुड़े कार्यों को लेकर मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत पूर्व से मंजूर 96 में से शेष 9 ग्रिड के साथ इंदौर जिले चार नए ग्रिड इंदौर पश्चिम संभाग के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर ए, उत्तर संभाग के सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर ई, दक्षिण संभाग के पालदा औद्योगिक क्षेत्र एवं अरविंदो अस्पताल के पास भौंरासला इंदौर ग्रामीण संभाग के ग्रिडों को समय सीमा में पूर्ण करा लिया जाए। सिंह ने कहा कि कंडक्टर की क्षमता वृद्धि, पूर्व बने ग्रिडों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केबल इत्यादि के कार्य समय पर कराए जाए, ताकि लॉस घटे, उपभोक्ता सुविधाएं बढ़े। उन्होंने कहा कि पहले से मंजूर कार्य में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को खेतों के समीप किए जाना हैं वहां भी गेंहू, चने की फसल के तुरंत बाद कार्य करा लिया जाए, ताकि आगामी बारिश में कार्य अवरोध की स्थिति नहीं बने।

### आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

# मां कनकेश्वरी क्लब की दमदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में एमकेसीसी एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 16 ओवरो में 83 रनों पर अपने सभी विकेट गंवा दिये । करन तेहलानी ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। कुणाल मीणा ने 3 विकेट तथा शिवराज व मोहनीश ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एमकेसीसी की टीम ने 7 ओवरो में 1 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से दमदार तरिके से जीत लिया । पंकज शर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए 5 चौके व 4 छक्के की मदद से 21 गेंदो पर 56 रन बनाये।



**इंदौर कोल्टस की आकर्षक जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर कोल्टस एवं स्टार क्लब मे मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 12 ओवरो में मात्र 55 रन बनकार अपने सभी विकेट खो दिये। जयंत गुर्जर ने 4 विकेट एवं सुर्यप्रताप तोमर व हर्ष सोनी ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम ने 5 ओवरो में 1 विकेट खोकर 58 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से आकर्षक तरिके से जीत लिया ।

**आयसीसी की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें आयसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट पर 172 रन बनाये। पार्थ सिंह ने 55 व यश यादव ने 54 रन बनाये। रवि मण्डलोई व रिषभ भंडारी ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एलएसजीसीए की टीम 20 ओवरो में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पाई और यह मैच 15 रनों के अंतर से हार गई । मयंक तिवारी ने सर्वाधिक 52 रन बनाये।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमबीसीए एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाये। अभिनव ने 37 रन बनाये। जवाब में एमबीसीए की टीम ने 19 ओवरो में 4 विकेट खोरक 162 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। अरमान वाधवा ने आक्रामक 87 रन बनाये। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोर्ट्स एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 133 रन बनाये। शशांक पाटीदार ने 71 रन बनाये। राहुल यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं अथर्व सोलंकी ने 3 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम ने 19 ओवरो में 4 विकेट पर 139 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से आसानी से जीत लिया।

## आय.टी.आई. मैदान पर ग्रीष्मकालीन किकेट शिविर का आयोजन

**इंदौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इन्दौर स्पोर्टस किकेट क्लब द्वारा आय.टी.आई. मैदान पर 16 मार्च से ग्रीष्मकालीन किकेट शिक्षण शिविर का अयोजन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष रमेश मेंदोला एवं सचिव करण सिंह शेखावत ने बताया कि गत 40 वर्षो से क्लब द्वारा श्रमिक क्षेत्र में किकेट प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में जूनियर खिलाडियों को सुबह व शाम को दो सत्रों में क्लब के रंजी ट्राफी खिलाडीयों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक खिलाडी आय.टी.आई मैदान पर शाम को प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते है।

# कबड्डी खो-खो की ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा





**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ओपन वर्ग की कबड्डी एवं खो-खो खेल प्रतियोगिता की ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन हुआ। स्पर्धा में ग्रामीण क्षेत्र के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयनित टीमें 17 मार्च को प्रातः 10 बजे खरगोन स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में विजेता दलों को राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



# मां वैष्णो देवी की शरण में पहुंचे सिक्सर किंग

**कटड़ा।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद शुक्रवार को टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा ने माता वैष्णो देवी के दरबार में माथा टेका। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह वर्ल्ड कप से पहले भी मां वैष्णो के दर्शन के लिए आए थे।

उन्होंने मां से प्रार्थना की थी कि यदि भारत टी-20 वर्ल्ड कप जीतता है तो वह दोबारा दर्शन करने आएंगे। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो की कृपा से ही टीम को यह बड़ी सफलता मिली है। अभिषेक ने बताया कि वह पहले भी कई बार अपने परिवार के साथ यहां दर्शन के लिए आ चुके हैं।

इसके अलावा उन्होंने कटड़ा में आयोजित कटड़ा प्रीमियर लीग में भी भाग लिया है। वह यहां क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि वह भारत में होंगे तो कटड़ा प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण में भी खेलने के लिए अवश्य आएंगे। इससे पहले अभिषेक दोपहर को जम्मू से हेलीकाप्टर पर भवन मार्ग पर स्थित पंछी हेलीपैड पहुंचे।

जहां से वह वैष्णो देवी भवन के लिए रवाना हुए। भवन पर उन्होंने पवित्र गुफा में माथा टेका और भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। भवन पर स्थानीय क्रिकेटर गणेश सहित कई प्रशंसकों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। प्रशंसकों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और भारत की जीत पर खुशी जाहिर की। बाद में अभिषेक हेलीकाप्टर पर कटड़ा हेलीपैड पहुंचे। वहां से कार में सवार होकर जम्मू रवाना हो गए।

# भारतीय महिला टीम का जीत का सिलसिला जारी

## सेमीफाइनल में इटली को हराया, फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ंत



**हैदराबाद।** भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनाल्टी कार्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को एफआइएच महिला विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया, जिससे अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा।

मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है।

भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए। टीम ने शुरुआती मिनटों में सर्कल में दो मजबूत एंट्री करते हुए दबाव बनाया। हालांकि, इटली ने भी तुरंत पलटवार किया और आक्रामक खेल दिखाते हुए गोल करने के कई अच्छे मौके बनाए। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मैच पर पकड़ मजबूत कर ली। मेजबान टीम ने तेज फ्लैंक रन और सामूहिक आक्रमण के जरिए कई अहम सर्कल एंट्री कीं और खेल की रफ्तार अपने पक्ष में कर ली।

18वें मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर का शॉट इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से रोक दिया। 27वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जहां टीम ने एक अलग रणनीति अपनाई। इस दौरान गेंद को वापस इंजेक्टर और कप्तान सलीमा टेटे के पास खेला गया, लेकिन उनका शॉट इटली की आखिरी डिफेंडर ने गोल लाइन पर ही रोक दिया जिससे भारत बढ़त लेने से चूक गया। इसके दो मिनट बाद 29वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार नवनीत का शॉट लक्ष्य से भटक गया।

दूसरे हाफ की शुरुआत में इटली ने जोरदार हमला किया। एमिलिया मुनिटिस गोल की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन भारतीय गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम ने आगे बढ़कर शानदार बचाव करते हुए टीम को नुकसान से बचा लिया। 40वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने इसका फायदा उठाते हुए मैच का पहला गोल कर दिया। मनीषा ने बीच से जोरदार ड्रैगफ्लिक लगाया जो इटली के डिफेंस को चीरते हुए सीधे गोल में चला गया।

अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त बढ़ाने का मौका मिला जब टीम को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन इटली के मजबूत बचाव ने उन्हें गोल करने से रोक दिया। मैच के आखिरी मिनटों में इटली ने बराबरी के लिए पूरा जोर लगा दिया और 59वें मिनट में उन्हें एक अहम पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार डिफेंस करते हुए गोल नहीं होने दिया और अंततः जीत दर्ज की।

वहीं, इससे पहले, इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में स्काटलैंड को 2-0 से हराया। इसमें लोटी बगहैम (25वां) और ड्सी बार्न (29वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को फाइनल में पहुंचाया।

## कोदरिया में ग्रीष्मकालीन शिविर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कराते ,फेंसिंग ,कोशिकी मार्शल आर्ट का त्रैमासिक ग्रीष्म कालीन शिविर महू के कोदरिया ग्राम स्थित आर डी विक्टोरियस में प्रारंभ किया। जिसमें 50 से ज्यादा स्कूली विद्यार्थियों ने शिरकत की। तनिष्का निनामा,यतीश वर्मा,हर्षिता अटवाल, देवश्री पटेल, सोनाक्षी पटेल, प्रियल प्रजापत, यशस परमार, इशिका परमार, हर्ष दीवार, मीत दीवार, रुद्र जूनवाल एवं आयुष चौहान ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 128 रनों से धोया

**ढाका।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को बांग्लादेश को बारिश से प्रभावित मुकाबले में 128 रनों से हराया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबरी पर पहुंच गई है। ढाका में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 103 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी के दम पर बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में 47.3 ओवर में 274 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी और बारिश से प्रभावित हुई पारी में 23.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 114 रन ही बना सकी।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में 47.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 274 रन बनाए हैं। पाकिस्तान की टीम लगातार दूसरे वनडे में ऑलआउट हुई। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज माज सदाकत ने सर्वाधिक 75 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से रिशाद ने तीन विकेट लिए। शाहीन अफरीदी की टीम ने अंतिम 10 ओवर में कुल सात विकेट गंवाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही है और टीम ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए हैं। खराब मौसम के कारण खेल को रोका गया है।

## हमारे रेडार पर तो उस्मान तारिक भी थे

*__नई दिल्ली।__ 'द हंड्रेड' की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने नीलामी में पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदा और इधर भारत में सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। खरीदा सनराइजर्स लीड्स ने और भारत में एक तबका आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के बहिष्कार की मांगें करने लगा। शेम ऑन एसआरएच हैशटैग चलाने लगा। दोनों फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक भारतीय मीडिया कंपनी सन टीवी के पास है। सोशल मीडिया पर मचे हंगामे के बीच सनराइजर्स लीड्स पहले ही अबरार को खरीदने की वजह और उसके पीछे की रणनीति को साफ कर चुकी है। हेड कोच डेनियल वेटोरी ने कहा है कि नीलामी में फ्रेंचाइजी के रेडार पर तो पाकिस्तान के एक और स्पिनर उस्मान तारिक भी थे। सनराइजर्स की मालिक काव्या मारन या सन टीवी की तरफ से इस मामले में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हेड कोच वेटोरी ने साफ-साफ कहा है कि कोचों और मैनेजमेंट के बीच इसे लेकर कोई चर्चा नहीं हुई थी कि नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदा जाएगा। उन्होंने अबरार को खरीदने की वजह भी बताई।*

# सलमान आगा के विवादित रन आउट पर बोले मिराज, मुझे कोई पछतावा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज को सलमान अली आगा के रन आउट पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने इसे बिल्कुल सही ठहराया है। उनका कहना है कि अगर गेंद उनसे छूट जाती तो वह जरूर रन लेते। बता दें, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार को ढाका में खेला गया। इस मैच के दौरान पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा विवादित तरीके से रन आउट हुए, जिसके बाद खेल भावना की बातें होने लगी। हालांकि बांग्लादेश और उनके कप्तान ने इसे बिल्कुल सही ठहराया। हुआ यूं कि पाकिस्तान की पारी के दौरान जब मेहदी हसन मिराज 39वां ओवर डाल रहे थे तो उनकी चौथी गेंद पर मोहम्मद रिजवान ने सीधा शॉट खेला जो नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े सलमान आगा की तरफ गया। मेहदी हसन मिराज गेंद की तरफ गए और सलमान अली आगा से भिड़ गए। जैसे ही मेहदी हसन



मिराज ने गेंद उठाई तो उन्होंने पाया कि पाकिस्तानी खिलाड़ी अभी भी क्रीज के बाहर है, तो उन्होंने रन आउट कर अंपायर से अपील की।

सलमान अली आगाज का इस समय कहना था कि वह गेंदबाज से हुए टकराव के कारण समय रहते क्रीज के अंदर नहीं पहुंच पाए, हालांकि बांग्लादेश अपने फैसले से पीछे नहीं हटा। जब थर्ड अंपायर तक यह फैसला पहुंचा तो उन्होंने भी इसे नियमों के अंतरगत आउट दिया। बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने मैच के बाद कहा, हां, वह विकेट से थोड़ा दूर था, आप जानते हैं, मैं बस गेंद पर नजर रखे हुए था। हां, अगर गेंद चूक जाती, तो जाहिर तौर पर वह रन लेने के लिए दौड़ पड़ता। तो मैं बस इसी बारे में सोच रहा था। उन्होंने मैच के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे लगता है, हां, हमें पहले 10 ओवरों का फायदा उठाना चाहिए। आप जानते हैं, पिछला मैच बहुत बढ़िया रहा। गेंदबाजों ने सच में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हमने फायदा उठाने की कोशिश की, लेकिन हम उसे ठीक से भुना नहीं पाए, क्योंकि, आप जानते हैं, पहले 10 ओवरों में हमने काफी रन दे दिए और इसका श्रेय जाहिर तौर पर उन्हें ही जाता है। उन्होंने पहले 10 ओवरों में सच में बहुत ही बढ़िया खेल दिखाया।

# 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



**शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ इंदौर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। आजाद नगर थाना पुलिस ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की है।**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशों पर चलाए जा रहे इस अभियान में आजाद नगर पुलिस की विशेष टीम को यह सफलता मिली है। एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा और एसीपी रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया की टीम क्षेत्र में संदिग्धों की धरपकड़ कर रही थी।चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से 16 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसकी बाजार में काफी कीमत बताई जा रही है। पुलिस ने तत्काल आरोपी अजय निवासी मूसाखेड़ी को हिरासत में लेकर नशीला पदार्थ जब्त कर लिया।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब अजय से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह खेप कहाँ से लाया था और शहर के किन-किन हिस्सों में इसे सप्लाई करने वाला था। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी आजाद नगर पुलिस ने मूसाखेड़ी क्षेत्र से ही एक महिला और पुरुष को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था, जिससे इलाके में नशा तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## अलमारी से गायब हुए जेवर, पुलिस हिरासत में नौकरानी

**इन्दौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में घर मालिक ने अपने घर में काम करने वाली महिला पर जेवर चोरी करने का संदेह जताया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, विजयनगर निवासी सुनित मेहता ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर की अलमारी से दो सोने की अंगूठियां और हीरे जड़ा एक कीमती सोने का पेंडेंट चोरी हो गया है। फरियादी ने घर में काम करने वाली महिला सीमा पर शक जाहिर किया है। सुनित मेहता के मुताबिक, अलमारी से सामान केवल उक्त संदेही की मौजूदगी के दौरान ही गायब हुआ है। पुलिस ने नौकरानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है जिसके बाद उसने बताया कि उसने धार में रहनेवाले किसी परिचित को जेवरात सौंपे है जिसकी तलाश में इंदौर से पुलिस की टीम धार रवाना हो चुकी है।

## जिलाबदर बदमाश के मोहल्ले में लाउडस्पीकर से की मुनादी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआइजी क्षेत्र के शातिर बदमाश को जिलाबदर करने के आदेश जारी होने के बाद क्षेत्रीय पुलिस बदमाश के मोहल्ले पहुंची और आदेश की तामीली के लिए एमआइजी पुलिस ने आरोपी के इलाके में लाउडस्पीकर से मुनादी की और क्षेत्रवासियों को आगाह किया कि यदि यह गुंडा शहर की सीमा में दिखे, तो तुरंत सूचित करें। पाटनीपुरा नरसिंग की चाल निवासी सुदीप उर्फ सुमित के खिलाफ लूट, मारपीट और डराने-धमाने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।बदमाश की आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे पुलिस कमिश्नर द्वारा इंदौर से सटे अन्य सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से भी 3 माह की अवधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है।बीती रात एमआईजी पुलिस की टीम लाउडस्पीकर लेकर आरोपी के घर पहुँची और पूरे मोहल्ले को इस प्रतिबंध की जानकारी दी।





## पूजन सामग्री बेचने वालों के विवाद में पहुंची पुलिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिंधी कालोनी में पूजन सामग्री बेचने को लेकर कल विवाद की स्थिति बन गई, जिन लोगों ने विरोध जताया उनका कहना था कि दूसरे वर्ग का युवक पूजन सामग्री बेच रहा है और उसकी दुकान पूजन सामग्री की बंद कराई जाए, जब हंगामा बढ़ा तो पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। बजरंग दल के अभिषेक कुशवाह, चंदन तोमर और पीयूष राणा ने भी यही कहा कि बगैर पहचान स्पष्ट किए धार्मिक सामग्री बेचना गलत है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण कर जांच की बात कही। एहतियात के तौर पर पुलिस बल भी लगाया गया।

## झाबुआ जा रही अवैध शराब की 'कन्साइनमेंट' पर जूनी इंदौर पुलिस की स्ट्राइक

### लग्जरी एसयूवी कार से 1.60 लाख की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के एक हाई-प्रोफाइल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। तस्कर एक लग्जरी एसयूवी का इस्तेमाल कर डेढ़ लाख रुपये से अधिक की अंग्रेजी शराब इंदौर से झाबुआ सप्लाई करने की फिराक में थे। जूनी इंदौर पुलिस ने जूनी इंदौर ब्रिज के पास घेराबंदी कर न केवल शराब की 20 पेटियां जब्त कीं, बल्कि मौके से दो शातिर तस्करों को भी दबोचा है।

जूनी इंदौर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की एसयूवी में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर मेघनगर की ओर ले जाई जा रही है। पुलिस ने देर रात जूनी इंदौर ब्रिज के पास जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्ध वाहन तेज रफ्तार में वहां से गुजरा, पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेरकर रोक लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर पुलिस के भी होश उड़ गए। वाहन के भीतर अंग्रेजी शराब की 20 पेटियां करीने से छिपाई गई थीं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम कैलाश लालवानी निवासी मनीषपुरी, साकेत नगर और प्रकाश लखानी निवासी गांधी नगर भोपाल बताये जा रहे है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे इस अवैध खेप को मेघनगर, झाबुआ में खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब (कीमत 1.61 लाख रुपये) और तस्करी में इस्तेमाल की गई कीमती एसयूवी सहित कुल 23 लाख रुपये का माल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अब यह पता लगाया जा रहा है कि इंदौर में इस शराब का सप्लायर कौन था।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

### कर्ज चुकाने के नाम पर 1.50 लाख भी ऐंठे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दोस्ती कर शादी का झांसा देने और फिर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, बल्कि झांसे में लेकर उससे मोटी रकम भी वसूल ली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय युवती ने प्रवेश पिता बबलू मंडलोई निवासी शिव शक्ति नगर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी प्रवेश ने उससे पहले दोस्ती की और फिर शादी करने का वादा कर उसे अपने विश्वास में ले लिया। शादी का झांसा देकर आरोपी ने पीड़िता के साथ उसकी मर्जी के बिना कई बार शारीरिक संबंध बनाए।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपना पुराना कर्ज चुकाने का बहाना बनाकर उससे 1 लाख 50 हजार रुपये भी उधार ले लिए। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया और अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और रुपये लौटाने में भी आनाकानी करने लगा। आरोपी की नीयत भांपते हुए पीड़िता ने थाने की शरण ली। एमआईजी पुलिस ने आरोपी प्रवेश मंडलोई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## बिजली टावर से अर्थिंग केबल चोरी, लाइन मेंटेनेंस के दौरान हुआ खुलासा

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने बिजली विभाग के हाईटेंशन लाइन टावर को निशाना बनाया है। चोरों ने टावर से अर्थिंग के लिए उपयोग की जाने वाली तांबे की केबल काटकर चोरी कर ली। पुलिस ने विभाग के सहायक अभियंता की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, रविन्द्र पाटिल निवासी लिम्बोदी, जो बिजली विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय में लाइन मेंटेनेंस विभाग में कार्यरत हैं, उन्होंने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब टीम 132 केवी उपकेंद्र निरंजनपुर के पास लाइन का निरीक्षण कर रही थी, तब लोकेशन नंबर 50 के मोनोपोल टावर पर अर्थिंग केबल कटी हुई पाई गई। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से केबल काटी और उसे अपने साथ ले गए। आसपास के क्षेत्र में तलाश करने के बावजूद केबल का सुराग नहीं लगा। विभाग की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक मजदूर युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई।बताया जा रहा है कि युवक बीमारी और शराब की लत के कारण काफी परेशान रहता था। घटना मूसाखेड़ी की है जहां रहने वाले मोहन पिता भेरू सिंह (35) ने अपने घर में फांसी का फंदा लगा लिया। जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी, तो उन्होंने आनन-फानन में उसे नीचे उतारा और अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक मोहन की सांसें थम चुकी थीं।परिजनों से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मोहन पेशे से मजदूर था। वह पिछले लंबे समय से बीमार चल रहा था और साथ ही उसे शराब पीने की भी लत थी।

## मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में मकान की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश पिता लक्ष्मीकांत साहू (26), निवासी गाड़ी अड्डा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आकाश अपने घर की तीसरी मंजिल पर था, तभी अचानक से वह नीचे गिर गया। गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।